मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 189
शुक्रवार, 24 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## नेताजी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान, विकसित भारत के लिए एकजुट रहें

**नई दिल्ली, 23 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाने वाली उनकी 128वीं जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारतीय युवाओं से 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मजयंती के पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेताजी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेताजी की जन्मभूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि कटक में नेताजी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेताजी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेताजी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ नेताजी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेताजी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत 'मेरे युवा भारत' को एक नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से 'एक लक्ष्य-एक ध्येय' विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था 'आजाद हिंद'। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा 'आजाद हिंद'। उन्होंने कहा कि नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्में। उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते। लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश-विदेश में भटकना पसंद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष सुविधा क्षेत्र के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने सुविधा क्षेत्र से बाहर निकलना है। हमें खुद को विश्व स्तर पर सर्वोत्तम बनाना है।



## चुनावी दंगल के बीच अरविंद केजरीवाल ने साधा अमित शाह पर निशाना

**नई दिल्ली, 23 जनवरी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पुलिस द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकताओं के कथित 'उत्पीड़न' को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की। उन्होंने कहा कि शाह ने भले ही गुजरात में 'गुंडागर्दी' की हो, लेकिन दिल्ली इस तरह के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगी। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि अमित शाह जी बुरी तरह बौखला गए हैं। अमित जी, आपने गुजरात में गुंडागर्दी की होगी। दिल्ली आपकी गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेगी। केजरीवाल का समर्थन करते हुए आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भी आरोप लगाया कि भाजपा "हार के डर से" पुलिस का इस्तेमाल कर राष्ट्रीय राजधानी में आप कार्यकताओं को परेशान कर रही है। संजय सिंह ने लिखा कि भाजपा बुरी तरह चुनाव हार रही है। हार के डर से घबराई पुलिस हमारे कार्यकताओं का उत्पीड़न कर रही है। नई दिल्ली विधान सभा के बी. आर कैम्प में आप कार्यकर्ता बंटी शेखावत के घर में नियम कानून की धज्जियाँ उड़ाते हुए दिल्ली पुलिस छापा मार रही है।

एएनआई से बात करते हुए, संजय सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के कार्यकताओं को पुलिस ने ₹झूठी शिकायतों₹ के आधार पर हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली सीट पर बीजेपी की हार होने जा रही है. प्रवेश वर्मा जब पैसे और अन्य चीजें बांटते हैं तो इसकी शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। दूसरी ओर, हमारी पार्टी के कार्यकताओं के खिलाफ झूठी शिकायत की गई और उसके आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया।' ऐसे में हम कैसे प्रचार कर सकते हैं।



## भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़प के बाद हाई लेवल मीटिंग

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर झड़प के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने एक उच्च स्तरीय बैठक की। बीएसएफ के तरूण कुमार गौतम और बीजीबी के कर्नल मोहम्मद इमरान इब्ने रूफ के नेतृत्व में बैठक आपसी सीमा प्रबंधन पर केंद्रित थी। चर्चा में सीमा पार अवैध गतिविधियों से निपटने, सीमा विवादों के बारे में मीडिया की गलतफहमियों को दूर करने और इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए समन्वय में सुधार करने पर जोर दिया गया।

दोनों देशों के किसानों द्वारा फसल चोरी के आरोप को लेकर 18 जनवरी को मालदा में बीएसएफ चौकी के पास झड़पें हुईं। यह विवाद झड़प में बदल गया, सुखदेवपुर सीमा पर दोनों पक्षों के ग्रामीणों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। स्थिति को शांत करने के लिए बीएसएफ और बीजीबी कर्मियों ने हस्तक्षेप किया। गौरतलब है कि यह वही सीमा है जहां बांग्लादेश रक्षा बल ने बाड़ के निर्माण पर आपत्ति जताई थी।

## अरविंद केजरीवाल को दिखाए गए काले झंडे, हवा में फेंके गए डुप्लिकेट नोट, हरि नगर में करने गए थे रैली

**नई दिल्ली।** हरि नगर विधानसभा क्षेत्र में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार के बाद काले झंडे लहराए गए। रैली के बाद जब वह कार्यक्रम स्थल से बाहर निकले तो डुप्लिकेट नोट हवा में फेंके गए। हरि नगर से अअढ विधायक, राजकुमारी ढिल्लों, जो एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दिल्ली चुनाव 2025 लड़ रही हैं, हरिनगर निर्वाचन क्षेत्र में अपने प्रचार के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से टकरा गईं। अरविंद केजरीवाल सुरिंदर सेतिया के लिए प्रचार कर रहे थे, जिन्होंने हरि नगर विधायक राजकुमारी ढिल्लों की जगह ली है, जिन्हें पार्टी ने फिर से सीट से मैदान में उतारा है। प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साथा। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी दिल्ली आए हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि यूपी में सरकारी स्कूलों की हालत कितनी खराब है, उनकी सरकार 10 साल से ज्यादा समय से है, वह सरकारी स्कूलों को ठीक नहीं कर पाए। अगर उन्हें जरूरत पड़ी तो हम दिल्ली से अपना शिक्षा मंत्री भेजेंगे। केजरीवाल ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश को सिखाएंगे कि सरकारी स्कूलों को कैसे ठीक किया जाए। भारतीय जनता पार्टी 20 राज्यों में सत्ता में है, उनके सभी 20 राज्यों में सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। अगर बीजेपी कहेगी तो हम अपने शिक्षा मंत्री को बीजेपी वाले राज्यों में भेजेंगे। ताकि बीजेपी भी सीख ले और अपने राज्यों में सरकारी स्कूलों को दुरुस्त कर सके। योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी सरकार ने दिल्ली को कूड़े के ढेर में बदल दिया और लोगों की बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने शहर के ओखला क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को बसने में मदद की।

## मणिपुर सीएम की चेतावनी, कानून का उल्लंघन करने वाले सोशल पोस्ट करनें से बचें

**मणिपुर।** मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने गुरुवार को उन सोशल मीडिया पेज संचालकों को चेतावनी दी, जिन्होंने कानून और लेखकों के व्यक्तिगत स्थान का उल्लंघन करने वाले पोस्ट अपलोड किए थे। सिंह ने यह भी कहा कि मई 2023 में पूर्वोत्तर राज्य में जातीय संकट शुरू होने के बाद से बड़ी संख्या में नए संगठन सामने आए हैं और उनमें से कई असामाजिक गतिविधियों में शामिल हैं। हम शांति के संकेत देख रहे हैं और मैं सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मीडिया का समर्थन चाहता हूं। सिंह ने कहा कि हाल ही में कुछ पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए हैं, जिन पर सांप्रदायिक आरोप लगाए गए और दूसरों के निजी जीवन में हस्तक्षेप किया गया। निजी मामलों पर कुछ महिलाओं से की गई पूछताछ सोशल मीडिया पर अपलोड की गई. ये घटनाएं बेहद अजीब, परेशान करने वाली और असभ्य हैं। सिंह ने कहा कि उन्होंने इस बारे में पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सूचित कर दिया है और जल्द ही इस तरह की गतिविधियों में शामिल सभी सोशल मीडिया पेज धारकों और समूहों के व्यवस्थापकों को बुलाने के लिए एक औपचारिक नोटिस प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने पूछा इन समूहों को व्यक्तियों के निजी जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए किसने अधिकृत किया है? सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं का करियर बर्बाद नहीं करना चाहती।

निर्वाचित प्रतिनिधियों के आवासों को लूटने या आग लगाने में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें से कुछ अब जेल में हैं जबकि कुछ पर एनएसए के तहत आरोप लगाए जा सकते हैं। उनका जीवन कठिन हो जाएगा, क्योंकि उनके रिकॉर्ड पुलिस के पास होंगे और एफआईआर वाले लोग सरकारी सेवाओं में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

## बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना

**पटना।** बिहार में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है और नीतीश कुमार अब थक चुके हैं। इक बार फिर से तेजस्वी यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार की आलोचना की है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था आपराधिक अव्यवस्था बन गयी है। सीएम अपराधियों को शरण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में, सीएम ने दो बड़े अपराधियों को रिहा किया, और यहां तक कि जेल से उनकी रिहाई को सुरक्षित करने के लिए एक कानून में संशोधन भी किया गया। अपराधी खुलेआम कैसे घूम रहे हैं?

तेजस्वी ने कहा कि नीतीश न सिर्फ उन्हें पनाह दे रहे हैं बल्कि अपराधियों को समर्थन भी दे रहे हैं। जब हम सत्ता में आएंगे तो दिखाएंगे कि कानून-व्यवस्था कैसे सुधारी जाती है और अपराधियों को सबक सिखाया जाएगा।

## निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मियों का आंदोलन अब होगा उग्र

**◆राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के वाराणसी ईकाई के बैनरतले कार्यालय मुख्य अभियंता के समक्ष किया गया ध्यानाकर्षण कार्यक्रम**

सुरेश गांधी

**वाराणसी।** निजीकरण के विरोध में गुरुवार को राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा वाराणसी ईकाई द्वारा मुख्य अभियंता कार्यालय के समक्ष ध्यानाकर्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर ऐलान किया गया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त अवर अभियंता एवं प्रोन्नत अभियंता राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगा रैली निकालेंगे। साथ में कहा, राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा वाराणसी द्वारा निजीकरण के विरोध में विरोध फैसला लिया गया है कि अब आंदोलन उग्र किया जायेगा। इस दौरान निजीकरण हेतु असवैधानिक रूप से कंसल्टेंट की नियुक्ति का टेंडर निरस्त करने हेतु नारे लगाए गए।

केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर कॉरपोरेशन को नोटिस प्रेषित होने के पश्चात वाराणसी में विरोध सभा में कर्मचारियों ने एकजुट होकर निजीकरण का विरोध किया। वक्ताओं ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रस्तावित निजीकरण पर गहरा रोष व्यक्त किया। तथा विभाग एवं परिवार के भविष्य को बचाने के लिए हर स्तर के संघर्ष का संकल्प लिया गया। केंद्र द्वारा प्रेषित ध्यानाकर्षक कार्यक्रम में दिनांक 22 से 09 फरवरी तक निजीकरण के विरोध में कार्यालय अवधि में काली पट्टी बांधकर कार्य करना एवं कार्यालय अवधि के पश्चात सायं 5:00 बजे से 01 घंटे तक विरोध सभा आयोजित किया जायेगा। 26 जनवरी को ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ रैली निकाला जाना प्रस्तावित है। 27 से 09 फरवरी तक नियम अनुसार कार्य आंदोलन प्रारंभ हो जाएगा। प्रतिदिन सायं 05:00 बजे से 06:00 बजे के मध्य विरोध सभा संपन्न की जाएगी।

वक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण जनहित में कदापि उचित नहीं है, के संबंध में जन जागरण कार्यक्रम एवं निजीकरण के विरोध में जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम की घोषणा में यह भी निर्णय लिया गया है कि उक्त घोषित कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा प्रबंधन द्वारा यदि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल डिस्कोम के निजीकरण हेतु असंवैधानिक रूप से कंसल्टेंट की नियुक्ति का टेंडर निरस्त नहीं करता है अथवा संगठन के किसी सदस्य के विरुद्ध उत्पीड़न की कार्रवाई की जाती है तो संगठन तत्समय आपातकालीन कार्यक्रम घोषित करने के लिए बाध्य होगा। सभा में वक्ताओं के क्रम में जनपद अध्यक्ष इंजीनियर मनीष राय ने कहा कि प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रकार से संगठन के सदस्यों का उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे तत्काल रोक समाप्त किया जाए।




जूनियर इंजीनियर संगठन हमेशा से सुधार कार्यक्रम में विश्वास रखता है और उसके लिए सदैव तैयार है लेकिन अपने हितों के लिए भी तत्पर रहेंगे और किसी भी प्रकार से निजीकरण नहीं होने देंगे क्योंकि निजीकरण कदापि जनता के हित में नहीं है।

सभा में पूर्वांचल सचिव इंजीनियर नीरज बिंद,केंद्रीय उपमहासचिव इं0 दीपक गुप्ता, ई रोहित कुमार, इं0 पंकज जयसवाल,इं0 सर्वेश कुमार,इं0 उपेंद्र कुमार,इं0 पुष्कर उपाध्याय,इं0 सतीश बिंद,इं0प्रमोद कुमार, इं0 रवि चौरसिया,इं0 राजकुमार,इं0 नागेंद्र कुमार,इं0 विशाल श्रीवास्तव, ई लालब्रत प्रजापति, ई राहुल मौर्य, ई रामाशीष, ई रामबाबू चौहान, ई विनम्र पटेल, ई रामाशीष, ई वेद प्रकाश तिवारी आदि समस्त सदस्य उपस्थित रहे।









# पर्यटन की अनंत संभावनाओं का देश है भारत



-ललित गर्ग

## राष्ट्रीय पर्यटन दिवस- 25 जनवरी, 2024 पर विशेष

जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। इस दिवस की शुरूआत 1948 के बाद आर्थिक विकास और सांस्कृतिक कूटनीति को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने की पहल से हुई। ह्लअतुल्य भारतह्व जैसे आयोजनों को बढ़ावा दिया गया है ताकि वैश्विक स्तर पर भारतीय विरासत, पर्यटन सुंदरता एवं समृद्धता को प्रदर्शित किया जा सके। बदलते समय के साथ राष्ट्रीय पर्यटन दिवस नई पहलों, नीतिगत सुधारों और क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले दिन के रूप में विकसित हुआ है। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस 2025 की थीम ह्यसमावेशी विकास के लिए पर्यटनह्व है, जो आर्थिक विकास को प्रेरित करने में पर्यटन के महत्व पर प्रकाश डालता है, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि इसका लाभ भारत में समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। इसका उद्देश्य रोजगार सृजन और पर्यटन परम्पराओं को बढ़ावा देने, विविध भारतीय सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना है।

भारत विश्व स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है। भारत में पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और 2027 तक तीसरा सबसे बड़ा घरेलू बाजार बनने की उम्मीद है। 2023 में, भारत में पर्यटन पर होने वाला खर्च 2019 के 127 बिलियन डॉलर से बढ़कर 174 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। सबसे ज्यादा पर्यटक तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित 5 राज्यों में गए, जहाँ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत पर्यटक आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता से धार्मिक पर्यटन को नये पंख लगे हैं, अयोध्या में बना भगवान श्रीराम का मन्दिर एवं इनदिनों प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने धार्मिक पर्यटन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा दी जा रही है। धार्मिक पर्यटन से देश की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है और लोगों में आस्था बढ़ती है, साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन प्रांत है। देश और दुनिया के हर हिंदू के आस्था के केंद्र भगवान श्रीराम की अयोध्या, राधा-श्रीकृष्ण ने जिस ब्रज भूमि पर रास रचाए थे, श्रीकृष्ण ग्वालबालों के साथ जहां खेले-कूदे, गोपियों के माखन चुराए वह मथुरा, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन भी उत्तर प्रदेश में ही है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम ने पत्नी सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ जहां सर्वाधिक समय गुजारा था वह चित्रकूट भी उत्तर प्रदेश में है। इसके अलावा भी प्रदेश के हर जिले या यूं कह लें हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे धार्मिक स्थल हैं जहां प्रतिदिन हजारों लोग जाते हैं। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन प्रयागराज का महाकुंभ तो इसका चरमोत्कर्ष है। इस चरम के सुखद, सुरक्षित और सफल समापन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कटिबद्ध हैं। अयोध्या सप्तपुरियों जैसी हो गयी है, इसी क्रम में भोलेनाथ की काशी में श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद वहां सालाना आने वाले पर्यटकों की संख्या 10 करोड़ के करीब हो गई है।

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का महत्व बेहद सीधा और सरल है - देश में पर्यटन की प्रमुखता को उजागर करना और यह भारत की आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित करता है। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं कर रहा है बल्कि यह देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बन रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। भारतीय पर्यटन दिवस वैश्विक पर्यटक को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को जीवंतता देना एवं उसके प्रति जन जागरूकता फैलाना है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हालही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। भारत में विभिन्न संप्रदाय-धर्म और जाति के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक धरोहर के कारण भारत दुनिया के प्रमुख पर्यटन देशों में शुमार होता है। यहां के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। इन पर्यटकों के लिये भारत में विपुल यात्रा साहित्य अपनी एक विशेष पहचान और उपयोगिता को लेकर प्रस्तुत होता रहा है। भारतीय पर्यटन दिवस मनाते हुए पुखराज सेठिया की पुस्तक ह्यआओ घूमे अपना देशह्ल एक सार्थक एवं उपयोगी पुस्तक है, जिसमें उनकी भारत की यात्राओं के दौरान अनुभूत तथ्यों का प्रभावी एवं जीवंत चित्रण किया है। जो अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण सामग्री एवं मौलिक तथ्यों को पर्यटकों के सम्मुख प्रस्तुत करता है।

यह भारत पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। इस भारत की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। जिससे इस बहुरूपी भारत को उसके बहुआयामी और निहंग वास्तविक रूप में देखा जा सके और ऊबड़-खाबड़ अनगढ़ता की परतों में छिपी सुंदरता को उद्घाटित किया जा सके। हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, एक ऐसा गुलदस्ता जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं। किसी फूल में कश्मीर की लालिमा है तो किसी में कामरूप का जादू। कोई फूल पंजाब की कली संजोए हैं, तो किसी में तमिलनाडु की किसी श्यामा का तरन्नुम। किसी में राजस्थान के बलिदान की गाथाएं है तो किसी में उत्तरप्रदेश की धार्मिकता। महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल और अन्य प्रदेशों में तो विविधता में सांस्कृतिक एकता के दर्शन होते हैं। इसी भांति जैसलमेर में पर्यटन से हटकर वहां संग्रहीत प्राचीन पांडुलिपियों की विशद् जानकारी, स्थापत्य कला एवं जैन दर्शनीय स्थलों का अनुभव भी अनूठा है। आज नरेन्द्र मोदी सरकार भारतीय पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये उल्लेखनीय कार्य कर रही है, जिनमें भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है, ताकि सैलानी पर्यटन के लिहाज से सुदूर स्थलों की सैर भी आसानी से कर सकते हैं। सिमटती दूरियों के बीच लोग बाहरी दुनिया के बारे में भी जानने के उत्सुक रहते हैं। यही कारण है कि आज भारत में पर्यटन एक फलता फूलता उद्योग बन चुका है।

# अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप-सर पर ताज के साथ कांटे भी नेक



अशोक भाटिया

राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के साथ ही जिस तरह डोनाल्ड ट्रप ने आनन-फानन अनेक कड़े फैसले और एलान कर डाले, उससे स्वाभाविक ही दुनिया भर में तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे।दुनिया में जहां बर्लिन की दीवार गिरी वहां फिर से नई दीवार बनाने की बात होने लगी. ओबामाकेयर विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर निकलने की चर्चा थी, जहां पर्यावरण संकट के खिलाफ वैश्विक लड़ाई सामने आई थी, पेरिस समझौते से हटने की घोषणा की जा रही थी। बारह साल पहले, जहां संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने पहले भाषण में ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का सम्मान किया, 'अमेरिका में अब ट्रांसजेंडरों के लिए कोई जगह नहीं है। कहा गया कि यह नया अमेरिका है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद बोल रहे थे और उनके सामने बैठे बराक ओबामा समेत कई लोगों ने इसे हताश होकर सहा! ट्रंप ने 2016 में आकर दुनिया को चौंका दिया था। हालांकि अगले चुनाव में जो बाइडेन को चुनकर अमेरिका ने अपनी गलती सुधारी। हार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि हिंसा भड़काने, हार नकारने वाले और नंगेपन पहनने वाले आरोपियों को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने तक नहीं दिया जाएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी ने उन्हें नॉमिनेट किया था। अमेरिका ने भी उन्हें राष्ट्रपति बनाया। ट्रम्प ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को ऐसे छोड़ दिया है जैसे कि अविकसित देशों में लोग रहते हैं या मर गए हैं। ट्रंप हीनता की राजनीति करने में सफल होते दिख रहे हैं कि 'हमने दुनिया की रोटी भूनने में खर्च कर दिया, अब हम अपने बारे में सोचें। पिछड़े आगे बढ़ गए हैं और हमारे अपने बच्चे बेरोजगार हो गए हैं। अमेरिका यहां इसलिए आया है क्योंकि दुनिया के सभी कोनों से लोगों ने अमेरिका बनाया है। इसके विपरीत, अमेरिका ने कई देशों को नष्ट कर दिया है। यह वही अमेरिका है जो कृतघ्नता से दुनिया को आरोपियों के पिंजरे में डाल रहा है। वे पनामा नहर चाहते हैं। मुझे यह करना है। हम 'ड्रिल बेबी, ड्रिल' कहकर नया तेल और ईंधन प्राप्त करना चाहते हैं, और हम रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा को खत्म करना चाहते हैं। ट्रम्प कौन कहते हैं कि अमानवीयता नए राष्ट्रपति के साथ है जब तक कि ट्रांसजेंडर का अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता। ट्रम्प यह कहने वाले कौन होते हैं कि अमेरिका 'थर्ड जेंडर' पर विचार नहीं करेगा? बेशक, लोकतंत्र को नष्ट करने में ट्रम्प अकेले नहीं हैं। रूस में पुतिन हैं, चीन में शी जिनपिंग हैं ..! ट्रम्प, जो अमेरिका को स्वार्थी दुष्प्रचार की भाषा सिखाता है, जबकि दुनिया पहले से ही युद्ध की लपटों से घिरी हुई है, खतरनाक होगा!

ट्रम्प के राष्ट्रवाद का उन्माद, इसे ₹अमेरिका फर्स्ट₹ कहते हुए, सफल रहा। उन्होंने अपने पहले भाषण में कहा, ₹मैं राष्ट्रपति द्वारा अब तक की गई गलतियों को ठीक करने जा रहा हूं,₹ लेकिन ₹मास हिस्टीरिया₹ में विवेक या विचार नहीं है। ट्रम्प इस विभाजन की नींव पर एक नया अमेरिका बनाने की कोशिश कर रहे हैं। आप्रवासी जिन्होंने अमेरिका का निर्माण किया। वे उन्हें दुश्मन बना रहे हैं। वैश्वीकरण का लाभ उठाने, अन्य देशों में बाजारों पर कब्जा करने की संकीर्णता, लेकिन उन देशों की जनशक्ति का विरोध वापस आ गया है। ट्रम्प को बहुत प्रशंसा मिली जब उन्होंने कहा, ₹हम केवल अमेरिका के बारे में सोचेंगे और इस देश को महान बनाएंगे,₹ और ऐसा करने में, वह भूल गए होंगे कि हम वैश्वीकरण के बाद की दुनिया में रहते हैं। अब, पूरे मानव समुदाय का एक ही उद्देश्य है। ₹जलवायु परिवर्तन केवल एक देश के बारे में नहीं है। लेकिन जैसे ही उन्होंने पेरिस समझौते से बाहर निकाला, ट्रम्प संकेत दे रहे थे जैसे कि उनका बाकी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था: उनके प्रिय एलोन मस्क अपने शपथ ग्रहण समारोह में। इसके अलावा जेफ बेजोस और मार्क जुकरबर्ग भी मौजूद थे, जो दुनिया के बाजार पर राज करेंगे; लेकिन अगर कोई राष्ट्रवाद को स्वार्थी स्थिति कहता है कि हमें दुनिया के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है, तो यह एक पतन की शुरूआत है।

एक कड़ा फैसला उन्होंने अमेरिका में जन्म के साथ ही हर बच्चे को स्वतः वहां की नागरिकता मिल जाने संबंधी कानून को रद्द करने का किया। इस पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गईं। अब डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभाव वाले वहां के बाईस राज्यों ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है।भारतीय मूल के सांसदों ने भी इसका विरोध किया है। इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन के अधीन काम करने वाली कई संस्थाओं ने इसे अदालत में चुनौती दी है। जाहिर है, ट्रंप प्रशासन के लिए इस फैसले पर आगे कदम बढ़ाना आसान नहीं रह गया है। जन्म के साथ नागरिकता का कानून अमेरिकी संविधान में वर्णित है, इसलिए उसे बदलने पर विरोध की आशंका पहले ही क्षण से जताई जाने लगी थी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी कानून को लागू करने या बदलने को लेकर असीमित अधिकार प्राप्त हैं, पर वहां की कानून-व्यवस्था ऐसी है कि राष्ट्रपति भी उससे ऊपर नहीं हैं।

दरअसल, ट्रंप शुरू से अवैध घुसपैठ और आव्रजन संबंधी नियमों में लचीलेपन के खिलाफ रहे हैं। अपने पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने कहा था कि आव्रजन नियमों में कमजोरी का लाभ उठा कर बहुत सारे लोग दूसरे देशों से आ जाते हैं और वे अमेरिकी युवाओं का हक मारते और संसाधनों का उपभोग करते हैं। सीमाओं पर सख्त निगरानी न होने के कारण हर वर्ष लाखों लोग अवैध रूप से घुस आते हैं।ट्रंप ऐसे हर विदेशी नागरिक को अमेरिका से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए शपथ ग्रहण के साथ ही उन्होंने सीमाओं पर आपातकाल लगा दिया और वहां सेना भेजने का फरमान जारी कर दिया। ऐसा नहीं कि ट्रंप से पहले अवैध घुसपैठियों पर नजर नहीं रखी जाती थी या गलत तरीके से आए लोगों को वापस नहीं भेजा जाता था। मगर ट्रंप जिस तरह विदेशी नागरिकों का वहां से सफाया करना चाहते हैं, उसे किसी भी लोकतांत्रिक देश का कदम नहीं माना जा सकता।

अवैध घुसपैठ निस्संदेह अमेरिका के सामने बड़ी समस्या है और उससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने का विरोध नहीं किया जा सकता। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि वैध रूप से वहां रह रहे लोगों को भी नाहक निशाने पर ले लिया जाए। इससे विदेशी नागरिकों की मुश्किलें तो बढ़ेंगी ही, अमेरिका को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। शपथ ग्रहण से पहले जब ट्रंप ने घोषणा की थी कि वे एच वन-बी वीजा खत्म करेंगे, तब उनके करीबी एलन मस्क ने ही सबसे पहले उसका विरोध किया था। इसके पीछे वजह यही थी कि ऐसे फैसले से दूसरे देशों से तकनीकी विशेषज्ञों और कुशल लोगों को लाना कठिन हो जाएगा। अमेरिका बेशक दुनिया का संपन्न देश है, पर हकीकत यह भी है कि बहुत सारे तकनीकी मामलों में उसके पास कुशल और विशेषज्ञ नागरिक नहीं हैं। जिस तरह भारी शुल्क थोपने से दूसरे देशों में अमेरिका का भी बाजार सिकुड़ जाएगा, उसी तरह विदेशी नागरिकों को वहां से निकाल बाहर करने या प्रवेश रोकने पर उसके औद्योगिक उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है। ट्रंप कुशल व्यवसायी हैं और इतने कड़े तथा व्यापक विरोध के बावजूद, वे नहीं चाहेंगे कि जन्मजात मिलने वाली नागरिकता के कानून पर विवाद लंबा खिंचे।

# मुफ्त की सुविधाओं से गण निष्क्रिय और तंत्र



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

भारत दुनियाँ का मजबूत गणतंत्र है। अपनी जनतांत्रिक विशेषताओं के कारण दुनियाँ में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इस मजबूती का कारण आजादी प्राप्त करने के लिए किए गए बलिदान, अंग्रेजी हुकूमत का भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के विरुद्ध किया गया सख्त बर्ताव जिसने देश के नेताओं और भारतवासियों में राष्ट्रीय भावना का संचार किया। आजादी प्राप्त करने के बाद भी भी देश के नीति निमार्ताओं की सोच के परिणाम गण भी सक्रिय रहा और तंत्र भी मजबूती के साथ काम करता रहा। आजाद मुल्क के नीति निमार्ताओं ने अपनी ईमानदारी निष्ठा और नैतिक मूल्यों से राष्ट्रीय भावना का प्रचार प्रसार किया था।

किंतु वर्तमान दौर में राजनीतिक दलों में चुनावी विजय हासिल करने के लिए मुफ्त की घोषणाएं करने की सनक सवार हो गई। राजनीतिक दलों को ऐसा लगने लगा है कि मुफ्त की सुविधाओं के बैगर चुनावी रण में सफलता नहीं प्राप्त की जा सकती है, अतएव वैचारिक राजनीति करने के बजाए दलों ने मुफ्त सुविधाएं देने की लोक लुभावनी राजनीति करने का प्रचलन बढ़ गया है। राजनीतिक दलों को यह ध्यान रखना चाहिए मुफ्त की सुविधाएं राष्ट्र के निर्माण में सहायक नहीं अपितु बाधक है। इन मुफ्त की सुविधाओं से जहां गण निष्क्रिय और अकर्मण्य हो रहा है, वहीं तंत्र पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है वह कमजोर होता जा रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में शामिल तमाम दलों को चाहिए कि वह ऐसी योजनाएं बनाए जो भारत की जनता को आत्मनिर्भर बनाएं, सरकार बैसाखियों के सहारे न जनता स्वाबलंबी बन पाएगी न ही देश आत्मनिर्भर बन सकेगा। किंतु देखा जा रहा है कि भारत में कार्यरत तमाम पार्टियां मुफ्त की सुविधाओं की बरसात करने में लगी है।




आजकल राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणाझ्रपत्र किराना दुकानों पर लगी भावसूची के मानिंद नजर आतें है। जिसमें लिखा होता है महिला को इतनी राशि, किसानों को इतनी, युवाओं को इतनी याने यह शहरों में लगी महासेल जैसा दिखाई देता है, जो अपने आकर्षक एवं लुभावने विज्ञापनों से ग्राहकों को अपना उत्पाद खरीदने के लिए आकर्षित करता दिखाई देता हैं। मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई भावसूची या लुभावने वायदे चुनावी पारदर्शिता की धज्जियां उड़ाते नजर आतें है। इन चुनावी घोषणा पत्रों में विचार शून्यता साफ नजर आती है। हरेक सियासी पार्टी चुनाव में विजय होना चाहती है। इस हेतु वह सभी प्रयोग करती है। यह जाने बगैर कि इन प्रयोगों का दूरगामी असर क्या होगा। अभी दिल्ली विधानसभा के चुनाव में राजनीतिक दलों ने मुफ्त वितरण की घोषणाओं का अंबार लगा दिया। दिल्ली में विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होना है। इससे पूर्व दिल्ली प्रदेश की राजनीति में सक्रिय राजनीतिक दलों ने घोषणाओं का पिटारा खोल दिया है। दलों में घोषणाओं की प्रतिस्पर्धा साफ दिखाई दे रही है। मुफ्त की सुविधाओं की घोषणाओं का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मुफ़्त की इन रेवड़ियों का देश और जनता पर दूरगामी प्रभाव सकारात्मक नहीं होंगे यह जानते हुए भी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियां सियासी लाभ के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएं कर रही है। विचार का बिंदु यह है कि क्या मुफ्त की इन घोषणाओं से देश, प्रदेश और जनता का भविष्य संवर रहा है? क्या इन मुफ्त की सुविधाओं से जनता में निष्क्रियता की प्रवृति जन्म ले रही है ? भारत में चुनाव सुधारो की सतत प्रक्रिया चल रही है, किन्तु मुफ्त की रेवड़ियों का प्रचलन घटने के बजाय बढ़ते जा रहा है। इस सिलसिले को रोकना किसी एक की जवाबदेही नहीं यह सामूहिक निर्णय और सामूहिक विचारों से ही संभव है। एक कल्याणकारी राज्य का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपनी जनता को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार और आवास उपलब्ध कराए, राज्य अपनी जनता के सामाजिक और आर्थिक हालातों की बेहतरी के लिए कार्य करें, उन्हें आत्मनिर्भर बनाए। जनसंख्या की सुरक्षा और कल्याण के लिए काम करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखना, राज्य को अपनी जनता के आर्थिक विकास के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना चाहिए, उद्योगों को बढ़ावा देना, ओर आर्थिक स्थिरता बनाए रखना शामिल है। सामाजिक न्याय के लिए समानता, न्याय और मानव अधिकारों की रक्षा करना शामिल है। जबकि देखा जा रहा है कि राज्य के द्वारा मुफ्त की सुविधाएं देकर जनता को निष्क्रिय और मुफ्तखोर बनाया जा रहा है। दिल्ली चुनाव और इससे पहले भी राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में सियासी दलों की घोषणाएं मुफ्त में सुविधा देने वाली रही है। मध्यप्रदेश से शुरू हुई लाडली बहना महाराष्ट्र होते हुए दिल्ली विधान सभा के चुनाव में सियासी दलों के लिए महिला मतदाताओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। बताया जा रहा है कि वहां महिलाओं को एक दल ने 2100 रु देने की घोषणा की तो किसी एक दल ने इसे 2500 रु कर दिया। किसी दल ने 200 यूनिट तक बिजली फ्री देने का वायदा किया तो किसी ने इसे बढ़ाकर 300 यूनिट कर दिया। महिलाओं को मुफ्त बसों में यात्रा, तीर्थ स्थानों की यात्रा कराना, यह राज्य सरकारों का अनिवार्य कार्य हो गया है। यह देश के सभी प्रदेशों में राज्य सरकारों के घोषणाझ्रपत्र में शामिल है। राज्य सरकारों द्वारा इन सभी घोषणाओं पर करोड़ों अरबों रु की राशि खर्च भी किया जा रहा है। ऐसी सरकारी योजनाओं को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है। इससे जुड़ी दो याचिकाएं अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। जिनपर सुनवाई चल रही है। साल 2022 में दाखिल याचिका में मांग की गई है कि जनकल्याणकारी योजनाओं और मुफ्त की योजनाओं को परिभाषित किया जाए। रोटी, कपड़ा और मकान से जुड़ी योजनाओं को जनकल्याणकारी और बाकी की मुफ्तखोरी माना जाए। याचिका में चुनावी घोषणापत्र के लिए फार्मेट हो और हर दल उसके मुताबिक घोषणा करें, जिसमें राज्य पर मौजूदा कर्ज, चुनावी वादों के बाद बढ़ने वाला कर्ज और सरकार बनने पर इसकी भरपाई की योजना का जिक्र करें। याचिकाकर्ता ने एक समाचार चैनल को बताया कि जब उन्होंने जनहित याचिका दायर की थी तब भारत सरकार पर 150 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था, जो अब बढ़कर 225 लाख करोड़ रु हो गया है, जबकि दिल्ली सरकार का कर्ज 55 हजार से एक लाख करोड़ हो गया हैं। यह हालत सिर्फ दिल्ली प्रदेश के नहीं भारत के समस्त प्रदेश में मुफ्त की सुविधाओं ने राज्यों का बजट बिगाड़ दिया है। बेहद अचंभे और गहन चिंतन का विषय है कि केंद्र सरकार ने 1 जनवरी 2024 से पांच वर्ष के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मतलब देश की आधी से अधिक आबादी निशुल्क अनाज की सरकारी सुविधा के आश्रय है। बेशक देश में लाचारों, गरीबों, बुजुर्गों, बेसहाराओ को राज्य द्वारा सहायता मिलना चाहिए, किंतु जनकल्याण के नाम मुफ्त सुविधाएं देकर नागरिकों को पंगु, कमजोर और निष्क्रिय बनाने की राज्य द्वारा प्रदत्त इन घोषणाओं पर सख्ती की आवश्यकता है। इन घोषणाओं पर सरकारी सख्ती, न्यायालयीन कठोरता, चुनाव सुधार कार्यक्रम का तो असर होगा ही सबसे जरूरी देश की जनता को भी मुफ्त की सुविधाएं देने वाले राजनीतिक दलों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। गणतंत्र की मजबूती के लिए गण और तंत्र दोनों का मजबूत होना जरूरी है। मुफ्त की यह सुविधाएं गण और तंत्र दोनों के लिए खतरनाक है। देश की आत्मनिर्भरता नागरिकों की आत्मनिर्भरता से जुड़ी है।

# हाकुंभ के मंच से भाजपा का राजनीतिक संदेश, मिल्कीपुर उपचुनाव में उभरेंगे नए समीकरण



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में बुधवार का दिन बेहद खास और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के महाकुंभ में अपनी पूरी कैबिनेट की बैठक आयोजित की। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश देने के लिहाज से भी अहम था। संगम के पवित्र तट पर मंत्रिमंडल की बैठक के साथ मुख्यमंत्री ने न केवल प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की, बल्कि अपने सहयोगी दलों को भी एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्रियों के साथ संगम में डुबकी लगाई। इस धार्मिक अनुष्ठान को भाजपा की ₹संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहने₹ की विचारधारा के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और कई बड़े फैसले लिए। इनमें प्रदेश के पिछड़े इलाकों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा, बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के लिए नई योजनाओं की शुरूआत और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए रक्षा उत्पादन नीति में बदलाव शामिल थे। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सरकार समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य यह दिखाना था कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ खड़ी है, खासकर उन राजनीतिक अटकलों के बीच जो यह कह रही थीं कि भाजपा के सहयोगी दल उससे नाराज हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर सहयोगी दलों के नेताओं को विशेष महत्व दिया। उन्होंने अपना दल (सोनेलाल) के नेता आशीष पटेल और निषाद पार्टी के नेता संजय निषाद को आमंत्रित कर स्पष्ट संदेश दिया कि गठबंधन मजबूत है। आशीष पटेल ने हाल ही में सरकारी अधिकारियों पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया था, और उनकी नाराजगी की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। इसी तरह, संजय निषाद भाजपा द्वारा कटेहरी उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने के कारण कथित तौर पर नाराज बताए जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस बैठक के जरिए इन विवादों को हल करने और गठबंधन में विश्वास बहाल करने की कोशिश की।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा का यह कदम विपक्ष के गठबंधन को कमजोर करने और भाजपा के सहयोगियों के बीच विश्वास बनाए रखने का प्रयास है। इस रणनीति का उद्देश्य समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठजोड़ के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिशों को विफल करना भी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस बैठक को ₹राजनीतिक दिखावा₹ करार देते हुए भाजपा पर आरोप लगाया कि वह धार्मिक स्थलों को राजनीतिक संदेश देने के लिए इस्तेमाल कर रही है। अखिलेश ने कहा कि कुंभ जैसे धार्मिक आयोजन राजनीति का मंच नहीं होना चाहिए, लेकिन भाजपा ने इसे प्रचार का जरिया बना लिया है।

इन सबके बीच, मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने प्रदेश की राजनीति को और गर्मा दिया है। यह उपचुनाव भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लिया है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसके प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। मिल्कीपुर की यह सीट सपा के अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। भाजपा के उम्मीदवार चंद्रभानु पासवान मैदान में हैं, और भाजपा हर संभव कोशिश कर रही है कि यह सीट उनके खाते में जाए।

भाजपा ने इस चुनाव के लिए एक विस्तृत रणनीति तैयार की है। जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने दलित, ब्राह्मण और पिछड़े वर्गों के मतदाताओं को साधने का प्रयास तेज कर दिया है। पार्टी ने बूथ स्तर पर मजबूत टीम बनाई है, जो मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रही है। घर-घर जाकर वोटर पर्चियों का वितरण किया जा रहा है, और इस प्रक्रिया को दो बार दोहराने की योजना बनाई गई है ताकि कोई भी मतदाता छूट न जाए। भाजपा के प्रचार अभियान में मुख्यमंत्री के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ मंत्री और नेता भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी भी इस चुनाव को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। सपा ने अपने उम्मीदवार अजीत प्रसाद को जिताने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। सपा का प्रचार अभियान भाजपा की नीतियों और शासन को मुद्दा बनाकर मतदाताओं को आकर्षित करने पर केंद्रित है। सपा के प्रचारकों का कहना है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास को पीछे छोड़ दिया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ा है। सपा ने पीडीए फॉमूर्ले के जरिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वोटों को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है।

मिल्कीपुर के उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे मुकाबला भाजपा और सपा के बीच सीधा हो गया है। हालांकि, चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने संतोष कुमार को उम्मीदवार बनाया है। वह सपा के पूर्व नेता रह चुके हैं और अब सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके दलित मतदाताओं पर पड़ने वाले प्रभाव का चुनाव परिणाम पर गहरा असर पड़ सकता है।

यह उपचुनाव भाजपा और सपा दोनों के लिए राजनीतिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा जहां अपनी विकास योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता के सहारे जीत की उम्मीद कर रही है, वहीं सपा अपनी सामाजिक समीकरणों और भाजपा सरकार की कथित नाकामियों को मुद्दा बनाकर मैदान में उतरी है। दोनों ही दल यह समझते हैं कि इस उपचुनाव का परिणाम प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है।

5 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। भाजपा और सपा दोनों ही दल अपने-अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने की योजना बना रहे हैं। अखिलेश यादव और शिवपाल यादव सपा के प्रचार अभियान को गति देने वाले हैं, जबकि भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वरिष्ठ नेताओं का फोकस क्षेत्र में रहेगा। जातीय गणित, विकास के मुद्दे और भाजपा-सपा के बीच की टकराहट इस चुनाव को और रोचक बना रही है।

मिल्कीपुर का यह उपचुनाव प्रदेश की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। भाजपा जहां अपने गठबंधन के साथ मजबूती से खड़ी नजर आ रही है, वहीं सपा अपने सामाजिक समीकरणों के सहारे जीत का दावा कर रही है। चुनाव परिणाम आने के बाद यह साफ हो जाएगा कि जनता किस दल पर भरोसा जताती है और प्रदेश की राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ेगी।

## तारापुर पुलिस थाना के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिले के तारापुर पुलिस थाना परिसर व उसके आस-पास क्षेत्र में गुरुवार 23 जनवरी 2025 को थाने के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। बतादें कि तारापुर थाने के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आगामी 26 जनवरी 2025 को भव्य रूप से गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने की तैयारी को मद्देनजर रखते हुए यह स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में तारापुर पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी निवास कणसे, उपनिरीक्षक राठौड़ व थाने के सभी पुलिस सिपाहियों समेत पुरुष एवं महिला कर्मचारी शामिल रहे।

## पालघर के आर्यन हाई स्कूल ग्राउंग में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा सरस महोत्सव का आयोजन

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** पालघर राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान जिला परिषद पालघर तथा जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा के संयुक्त तत्वावधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक पालघर सरस 2024-25 महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।ज्ञात हो कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और उन्हें रोजगार के साधन उपलब्ध कराने तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के लिए बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष पालघर जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष भी सरस भव्य प्रदर्शनी एवं बिक्री महोत्सव 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आर्यन हाई स्कूल ग्राउंड, पालघर में आयोजित किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में जिले भर से 45 महिला समूह भाग लेंगे और इसमें खानवल और अन्य उत्पाद बेचे जायेंगे, जिसमें विभिन्न प्रकार के पापड़, अचार, सरबत, सूखे खाद्य पदार्थ, विभिन्न वारली हाट उत्पाद, बांस उत्पाद और कई अन्य उत्पाद शामिल होंगे। ऐसी जानकारी परियोजना संचालक, जिला ग्रामीण विकास प्रणाली रूपाली सातपुते द्वारा दी गई है। सरस महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रत्येक तहसीलों में तहसील स्तर से महिला समूहों को बुलाया गया है। साथ ही पालघर जिले भर के लोग सरस महोत्सव में जाकर महिला समूहों से सामान खरीदकर समूहों को प्रोत्साहित करने तथा अधिक से अधिक समूहों को इसमें भाग लेने की अपील पालघर जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भानुदास पालवे, उपाध्यक्ष पंकज कोरे, सर्व समिति सभापति, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे द्वारा की गई है।

## टाटा एआईए लाइफ ने सपनों की शादी को हकीकत बनाने के लिए पेश किया शुभ मुहूर्त

**मुंबई/पटना।** भारत में शादियां सिर्फ रस्में पूरी करने का एक समारोह भर नहीं हैं बल्कि शादी संस्कृति, प्यार और खुशी साझा करने का भव्य उत्सव है। यह किसी परिवार के जीवन में सबसे यादगार पलों में शामिल है। साथ ही, शादियां सोशल स्टेटस भी बन गई है, थीम और डेस्टिनेशन वेडिंग होने लगी हैं, जो दिनों से लेकर कई हफ्तों तक चल सकती हैं। नतीजतन, इस अवसर के लिए धन के बंदोबस्त और उसे खर्च करने के सही तरीकों के लिए महीनों ही नहीं बल्कि सालों तक सोच-समझ कर योजना बनानी पड़ती है। परंपरागत रूप से, भारतीय शादियों के लिए सोना, फिक्स्ड डिपॉजिट, और सामुदायिक बचत के तरीकों पर निर्भर रहे हैं। रियल एस्टेट और पारंपरिक बचत योजनाओं में निवेश भी लोकप्रिय रहा है, जो स्थिरता और लंबी अवधि के लाभ देते हैं। लेकिन, इन विकल्पों में अक्सर लचीलापन कम होता है या वे तेजी से धन बढ़ाने में सक्षम नहीं होते। यहां बताया गया है कि जीवन बीमा समाधान लक्ष्य-आधारित बचत के लिए एक व्यवस्थित तरीका प्रदान करते हैं, जिसमें धन सृजन और वित्तीय सुरक्षा दोनों शामिल हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बच्चे की मनचाही शादी की आकांक्षाएं किसी भी अप्रत्याशित घटना के बावजूद पूरी हो सकें। एक निवेश बैंकिंग और पूंजी बाजार फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2024 में 80 लाख से अधिक शादियां हुईं। इससे भारतीय विवाह प्रणाली विश्व में दूसरी सबसे बड़ी बन गई है, जिसका अनुमानित खर्च 10.7 लाख करोड़ रुपये है। औसतन, एक भारतीय शादी पर लगभग 12.5 लाख रुपए खर्च होते हैं, जो बच्चे की प्रीस्कूल से लेकर स्नातक तक की शिक्षा पर होने वाले खर्च से दोगुना है। लक्जरी शादियों का बाजार पर दबदबा है, जहां अक्सर खर्च 1 करोड़ रुपये से भी अधिक हो जाता है। शादियों के महत्व और उनके आर्थिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने एक विशेष जीवन बीमा समाधान 'शुभ मुहूर्त'पेश किया है।

## एयर इंडिया ने शुरू की एआई-संचालित ईजी बुकिंग, रिजर्वेशन प्रक्रिया होगी आसान और तेज

**मुंबई/पटना।** भारत की अग्रणी वैश्विक एयरलाइन, एयर इंडिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित सुविधा इजी बुकिंग शुरू की है, जिससे ग्राहक वेबसाइट पर मौजूदा समय की तुलना में कम स्टेप्स में अपना टिकट आरक्षण काम पूरा कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें बस एआई एजेंट को मैसेज करना होगा या अपनी विस्तृत यात्रा कार्यक्रम के बारे में बात करनी होगी। यह नवाचार, वर्तमान में एयर इंडिया के लॉयल्टी प्रोग्राम, महाराजा क्लब के सदस्यों के लिए विशेष रूप से उपलब्ध है। ग्राहकों को कई कमांड खत्म करके, कई स्क्रीन पर जाए बिना एयर इंडिया की वेबसाइट एयर इंडिया डॉट कॉम पर अपना टिकट बुक करने में मदद करता है। इजी बुकिंग, एयर इंडिया द्वारा अपने ग्राहकों को बेहतर और सहज अनुभव देने के प्रयास में एक और कदम है। इजी बुकिंग एजेंटिक एआई टूल द्वारा संचालित है और ग्राहक आवश्यकता को सुनकर और एक अनुकूलित यात्रा कार्यक्रम तैयार करके ट्रैवल एजेंट की भूमिका निभाता है। एजेंटिक एआई यूजर्स को मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और स्वचालन तकनीकों का उपयोग करके निर्णायक कार्रवाई करने के लिए न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ जटिल कार्यों को पूरा करने में मदद करता है। एयरलाइन ग्राहकों के लिए डिजिटल चैनलों पर आरक्षण यात्रा में भुगतान करने और टिकट प्राप्त करने से पहले यात्रा विवरण दर्ज करने, उपलब्ध विकल्पों में से चयन करने, यात्रियों के बारे में जानकारी दर्ज करने आदि के लिए कई स्क्रीन के माध्यम से नेविगेशन शामिल है।

# श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के 150वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद के १५० वे जन्मोत्सव उपलक्ष्य में विश्व वैष्णव सम्मेलन के आयोजन की तैयारी मुंबई में जोरों से शुरू हो गई है।गौड़ीय मिशन ने भारत और विदेशों में 150वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम को जारी रखते हुए, गौड़ीय मिशन (श्री राधाकृष्ण मंदिर), जो कलानगर, बांद्रा, मुंबई में स्थित है, ने 28-29 जनवरी, 2025 को श्रील प्रभुपाद की जन्म जयंती मनाने का कार्यक्रम निर्धारित किया है। स्मृति समारोहों की निरंतरता में, गौड़ीय मिशन (श्री राधा कृष्ण मंदिर) मुंबई ने 26 जनवरी, 2025 को मंदिर परिसर में चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया है। 28 जनवरी, 2025 को श्री राधाकृष्ण मंदिर से एक भव्य नगर संकीर्तन शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कई वैष्णव संतों, मृदंग वादकों, वैष्णव युवाओं और कई अन्य आकर्षणों से सुसज्जित होगी। 29 फरवरी, 2025 को गौड़ीय मिशन (श्री राधा कृष्ण मंदिर) के मंदिर परिसर में एक वैष्णव सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जहां कई आचार्य और संत प्रतिनिधियों के रूप में शामिल होंगे, तत्पश्चात महामंत्र के साथ गौड़ीय नृत्य सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा जिसमें लगभग 50 युवाओं द्वारा नृत्य एवं बालकों द्वारा भरतनाट्यम मुख्य आकर्षण होंगे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री, एकनाथ शिंदे, मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर को गौरवान्वित करेंगे, साथ ही प्रमुख व्यक्तित्व और विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। गुरुवार २३ जनवरी को बांद्रा के कलानगर में आयोजित इस प्रेस वार्ता में 1. श्रील भक्तिसुंदर संन्यासी गोस्वामी महाराज, आचार्य एवं अध्यक्ष, गौड़ीय मिशन, 2. श्रीपाद भक्तिवैभव पर्यटक महाराज, अध्यक्ष, गौड़ीय मिशन, मुंबई, 3. श्रीपाद भक्तिभास्कर भारती महाराज, अध्यक्ष, गौड़ीय मिशन, वृंदावन, 4. श्रीपाद भक्तिरक्षक ऋषिकेश महाराज, सह-सचिव, गौड़ीय मिशन आदी उपस्थित थे।




## नरसिंह दुबे की पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**वसई (उत्तरशक्ति)।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 28 जनवरी 2025 को श्री नरसिंह के दुबे चॅरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने संस्था के संस्थापक, स्वर्गीय नरसिंह खेलावन दुबे बाबूजी की सोलहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर जनहित से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सुदृढ बालक प्रतियोगिता एवं वनौषधी प्रदर्शनी, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक₹संभाषा प्रतियोगिता₹ शाम 5 बजे से 5.30 बजे तक ₹पुरस्कार वितरण समारोह₹ तथा सायं 5.30 से रात 10 बजे तक भोजपुरी व अवधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में मुंबई, उत्तर प्रदेश एवं बिहार आदि क्षेत्रों के कवि राम सिंह , कवि रासबिहारी पांडे, ₹निडर जौनपुरी₹, शिवप्रकाश पांडे ₹जमदग्नीपुरी₹ अरुण दुबे , श्रीमती किरण तिवारी, कवि जवाहरलाल शर्मा तथा जिया उल हक अपनी भोजपुरी व अवधी कविताओं से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। सभी कार्यक्रमों में आम जनता को निःशुल्क आमंत्रित किया गया है।

## स्वर्गीय सुभाष दुबे की पुण्यतिथि के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**नालासोपरा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा के जबरपाड़ा स्थित स्वर्गीय सुभाष दुबे की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । स्वर्गीय सुभाष दुबे की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्पहार व पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दिये । उक्त अवसर पर संतोष दुबे , बालकृष्ण तिवारी , सुनील दुबे , गुलाब दुबे , दीपक दुबे , चंद्रभूषण तिवारी , शिवम सिंह , रिषभ तिवारी , अनुज दुबे , पिंटू दुबे , वहीं स्थानीय लालू आदि लोगों ने स्वर्गीय सुभाष दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित कर सुंदरकांड पाठ के गायक मंडली में आशुतोष चौबे , अरुण चौबे , कोमल सिंह , निलेश पांडे , भूषण तिवारी , सतीश मिश्रा , शेशमल दुबे , ढोलक वादक राहुल उपाध्याय आदि के द्वारा सुंदरकांड पाठ को सुनकर श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर तालियां बनाकर झूम उठे ।

# जिला परिषद कार्यालय में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस व बालासाहेब ठाकरे की जयंती

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** पालघर जिला परिषद कार्यालय में गुरुवार 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस और बाला साहेब ठाकरे की जयंती मनाई गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्र शिंदे एवं मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी धनराज पांडे ने दोनों लोगों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

बतादें कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। उन्हें नेता जी के नाम से जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान की मदद से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया नारा जय हिन्द का नारा आज भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। ₹तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ ऐसा उन्होंने भारत के लोगों को आह्वान किया था। बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र में शिवसेना पार्टी के संस्थापक, राजनीतिज्ञ और कार्टूनिस्ट थे। वह मराठी दैनिक सामना के संस्थापक और मुख्य संपादक भी थे। बालासाहेब ठाकरे ने सबसे पहले एक कार्टूनिस्ट के रूप में सामाजिक मुद्दों पर टिप्पणी करना शुरू किया। सन 1950 में वह एक कार्टूनिस्ट के रूप में फ्री प्रेस जर्नल में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने वरिष्ठ व्यंग्यकार आर.के. लक्ष्मण के साथ भी कुछ समय तक काम किया। वाकपटुता के साथ-साथ बाला साहेब ठाकरे ने धारदार लेखन भी किया। ऐसे महान व्यक्तियों की जयंती गुरुवार 23 जनवरी 2025 को जिला परिषद कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर परियोजना संचालक जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा रूपाली सातपुते, शिक्षा अधिकारी प्राथमिक सोनाली मातेकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी, जिला पशु संवर्धन अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर, कृषि अधिकारी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# चांदीवली में महाआरती और भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्मस्थली पर बने भव्य मंदिर में प्रभु श्री रामचंद्र की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा समारोह पिछले वर्ष हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ था। इस मंदिर की पहली वर्षगांठ के मौके पर मुंबई समेत देशभर में जश्न मनाया गया। चांदीवली विधानसभा के शिवसेना विधायक दिलीपमामा लांडे ने बुधवार 22 जनवरी 2025 की शाम को प्रभु श्री राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य जुलूस और महाआरती का नेतृत्व किया। भगवा विधायक दिलीप (मामा) लांडे की उपस्थिति में आयोजित भव्य रैली में भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा की पूजा की गई। इस रैली में जगह-जगह फूल मालाएं और फूलों की बारिश हो रही थी। जुलूस श्रीजगन्नाथ मंदिर, सत्यनगर से छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान, काजूपाड़ा तक गया और काजूपाड़ा शिवाजी मैदान श्री शंभू महादेव मंदिर में महाआरती की गई। इस अवसर पर शिव सेना विधानसभा प्रमुख अशोक माटेकर, भाजपा संयोजक शुभ्रांशु दीक्षित, महाराष्ट्र युवा सेना कार्यकारिणी सदस्य प्रयाग लांडे, सक्रिय सदस्य प्रणव लांडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं सभी शाखा प्रमुख, शिवसैनिक, बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।



# शिवतेज मित्र मंडल द्वारा मनाया गया प्रभु श्रीराम लला का प्राण प्रतिष्ठा दिवस

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** प्रवित्र तीर्थ स्थल पावन अयोध्या धाम मंदिर में विराजे प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के शुभ मौके पर बुधवार 22 जनवरी 2025 को शिवतेज मित्र मंडल की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत धर्मनगरी आजाद नगर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के प्रांगण में भजन,कीर्तन का आयोजन कर बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के शुभ अवसर पर शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष,काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या प्रभु श्रीराम जी भक्तगणों ने भजन कीर्तन का गायन करने के पश्चात समुहित आरती की। शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष तुलसीराम केवट की ओर से प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा दिवस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का सफल आयोजन शिवतेज मित्र मंडल अध्यक्ष,काशी विश्वनाथ मंदिर एवं शीतला माता मंदिर के संस्थापक, केवट सामाजिक सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता तुलसीराम केवट व अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया।



# जत्रा होटल की नई शाखा अब कल्याण में भी शुरू

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** सांगली जिले के आटपाडी में प्रसिद्ध जत्रा होटल की नई शाखा अब कल्याण में भी शुरू की गई है। बुधवार को काटइ-बदलापुर रोड़ पर स्थित खोणी गांव में जत्रा होटल का महेश गायकवाड़ के हांथो रिबिन काटकर शानदार उदघाटन किया गया।

बतादें की नेवाली और खोणी के बीच जत्रा नामक होटल का की तीसरी नई शाखा का उद्घाटन नगरसेवक महेश गायकवाड़ और आईआरएस अधिकारी डा.सचिन मोटे और सोरखादे परिवार की प्रमुख उपस्थिति में उदघाटन समारोह संपन्न हुआ। डीडीएसआर ग्रुप, राहुल हजारे, हणमंत मोटे, वामन कोकरे और विठ्ठल घोड़गे ने आए हुए अतिथियों का सम्मान व सत्कार किया। जत्रा होटल के बारे में बताते हुए हणमंत मोटे ने कहा कि सांगली जिले के आटपाडी होटल जत्रा शुरू किया गया था। उसके बाद पनवेल में सात बारह के नाम से दूसरी शाखा तो खोणी में जत्रा होटल की तीसरी शाखा का शुभारंभ किया गया। मोटे ने बताया कि होटल जत्रा में सांगली और सातारा के मसाले से बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता का भी खास खयाल रखा जाएगा। साथ ही घरेलू और ग्रामीण पद्धति से बने व्यंजन बनाए जाएंगे । लोग अपने परिवार शह इस होटल में आकर अपने मन पसंद का खाना खा सकते है।



# ओलम्पिक मैडलिस्ट मनु भाकर बनीं डाबर खजूरप्राश की ब्राण्ड अम्बेसडर

**मुंबई।** डाबर इंडिया के ब्राण्ड डाबर खजूरप्राश ने स्टार शूटर और डबल ओलम्पिक मैडलिस्ट मिस मनु भाकर को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर नियुक्त किया है। इसके साथ ही ब्राण्ड ने डाबर खजूरप्राश के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक मीडिया कैंपेन का लॉन्च भी किया है, जो दर्शकों को बताता है कि किस तरह यह प्रोडक्ट भारतीय महिलाओं में आयरन की कमी को दूर कर हीमोग्लोबिन के स्तर को सामान्य बनाए रखने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

डाबर इंडिया लिमिटेड के एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट श्री राजीव जॉन ने कहा, ह्यह्यस्टार शूटर और डबल ओलम्पिक मेडलिस्ट मिस मनु भाकर को डाबर खजूरप्राश का ब्राण्ड अम्बेसडर बनाते हुए और डाबर परिवार में उनका स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी ब्राण्ड की मौजूदगी तथा उपभोक्ताओं के साथ हमारे रिश्ते को और अधिक मजबूत बनाएगी। मनु भाकर का आत्मविश्वास से भरपूर आकर्षक व्यक्तित्व, देश भर में उनके प्रति विशेष झुकाव, उनकी क्षमता, परफोर्मेन्स और सेल्फ-मेड करियर- उनके ये सभी गुण उन्हें हमारे ब्राण्ड के लिए परफेक्ट बनाते हैं। डाबर खजूरप्राश के साथ एसोसिएशन पर बात करते हुए मिस मनु भाकर ने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे डाबर परिवार के साथ जुड़ने और डाबर खजूरप्राश का चेहरा बनने का मौका मिला है। इस नए कैंपेन के माध्यम से मैं महिलाओं से आग्रह करना चाहूंगी कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और आयरन एवं हीमोग्लोबिन के स्तर को सामान्य बनाए रखें, ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें।

डाबर इंडिया लिमिटेड के जनरल मैनेजर-मार्केटिंग श्री अमित गर्ग ने कहा, ह्यह्यभारत में हर 2 में से लगभग 1 महिला एनिमिया से पीड़ित है। महिलाओं को अक्सर एनिमिया की वजह से कई लक्षणों का सामना करना पड़ता है जैसे बार-बार सिर में दर्द होना, बहुत अधिक थकान, बाल झड़ना और त्वचा में पीलापन आदि, ये सभी आयरन की कमी के संकेत हैं। डाबर इंडिया में हम डाबर खजूरप्राश के साथ उनकी इस समस्या को हल करना चाहते हैं, हमें गर्व है कि डबल ओलम्पिक मैडलिस्ट मिस मनु भाकर अब ब्राण्ड का नया चेहरा होंगी।



## यूएनडीपी ने द कोका-कोला फाउंडेशन से हाथ मिलाया

**मुंबई।** एशिया में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों को दूर करने के लिए यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) और द कोका-कोला फाउंडेशन (टीसीसीएफ) ने हाथ मिलाया है। एशिया में पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और अवसरों की भरमार है। तेजी से होता शहरीकरण, सिंगल यूज प्लास्टिक की बढ़ती मांग और कचरा प्रबंधन को लेकर इन्फ्रास्ट्रक्रर की कमी के कारण यहां प्लास्टिक कचरा बहुत तेजी से बढ़ा है। यही कारण है कि इसके लिए प्रभावी समाधान तलाशना बहुत ज्यादा जरूरी हो गया है।

इस गंभीर मसले को ध्यान में रखते हुए यूएनडीपी और टीसीसीएफ नौ एशियाई देशों -बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, भारत, मालदीव, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका और वियतनाम में अपने प्रयासों को विस्तार दे रहे हैं। इसके लिए इस क्षेत्र में यूएनडीपी की पहल के समर्थन में टीसीसीएफ ने 15 मिलियन डॉलर की अनुदान दिया है।तीन साल के इस बहुराष्ट्रीय प्रोग्राम को आज भारत में लॉन्च किया गया। इससे प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन में मदद मिलेगी, रीसाइकिलिंग को बढ़ावा मिलेगा, पर्यावरण में प्लास्टिक कचरा कम पहुंचेगा, देशों की परिस्थितियों के अनुरूप समाधानों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय स्तर पर गठजोड़ संभव होगा। पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को अपनाते हुए इस प्रोग्राम का लक्ष्य नीतिगत बदलावों के लिए प्रेरित करना और सामुदायिक स्तर पर कदम उठाना है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# स्वयम कोर्सेज विद्यार्थी के लिए उपयोगी: प्रो .वंदना सिंह

## ऑनलाइन शिक्षण के लिए उपयोगी है स्वयम: डॉ .अंगना सेन गुप्ता




जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा स्वयम पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन कोर्सेज के संबंध में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता स्वयम एनपीटीईएल, लोकल चैप्टर समन्वयक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की डॉ. अंगना सेनगुप्ता ने कहा कि स्वयम पोर्टल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन कोर्सेस के लिए विकसित की गई वेबसाइट है। इसके माध्यम से स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्सेज कर सकते है। इस ऑनलाइन पोर्टल पर दस नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाए गए हैं जो विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रबंध संस्थान, इग्नू, यूजीसी के अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम को उपलब्ध कराते हैं। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वयम पोर्टल पर ऑनलाइन कोर्सेज को उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के लिए स्वीकार कर लिया गया है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में ऑनलाइन शिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयम पोर्टल ऑनलाइन शिक्षण के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि सभी महाविद्यालय स्वयम कोर्सेस में विद्यार्थियों को पंजीकरण के लिए जागरूक करें। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद सिंह ने कहा कि स्वयम कोर्सेस की परीक्षा विश्वविद्यालय स्तर पर करने के लिए तैयार है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि वर्तमान समय में ऑफलाइन शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा भी आवश्यक है। कार्यशाला के संयोजक विश्वविद्यालय के स्वयम नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रतिभागियों को बताया कि विद्यार्थी स्वयम पोर्टल द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं। विद्यार्थी द्वारा चयनित कोर्सेज की परीक्षा ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से देने एवं उत्तीर्ण करने के पश्चात अर्जित अंक व क्रेडिट उसके मार्कशीट पर अंकित किए जाएंगे। कार्यशाला का संचालन सह-नोडल अधिकारी डॉ. नितेश जायसवाल किया। धन्यवाद ज्ञापन सह-नोडल अधिकारी डॉ नीरज अवस्थी ने किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अध्ययन परिषद के संयोजक, महाविद्यालयों के प्राचार्य, स्वयम नोडल अधिकारियों ने स्वयम से संबंधित विभिन्न प्रश्नों को रखा। उनकी सभी जिज्ञासा का समुचित समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो.संदीप सिंह, प्रो.अशोक श्रीवास्तव, प्रो.अजय दिवेदी, प्रो. सौरभ पाल, प्रो.मुराद अली, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मनोज मिश्रा, प्रो. राजेश शर्मा, डॉ.मनीष गुप्ता, डॉ. रसीकेस, डॉ.मनोज पांडे, डॉ.श्याम कन्हैया, उपकुल सचिव बबीता सिंह एवं महाविद्यालयों से आए नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न खेलों के खेल छात्रावासों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के अधीन संचालित योजनाओं में से छात्रावास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 02 अप्रैल, 2025 से 16 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जायेगा। श्रेष्ठता एवं रिक्त स्थान के सापेक्ष शिविर में चयनित खिलाड़ियों का चयन प्रदेश में संचालित विभिन्न 16 खेलों में बालक/बालिका वर्ग में किया जायेगा। जनपद स्तर का चयन परीक्षण जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, फुटबाल, बैडमिण्टन, टी0टी0 बालक वर्ग में 20 फरवरी 2025 को होगा।क्रिकेट बालक वर्ग का जनपद स्तर पर चयन परीक्षण 21 फरवरी 2024 को होगा। कबड्डी, बास्केटबाल, तीरन्दाजी,एथलेटिक्स,बॉक्सिंग जिम्नास्टिक, जूडो एवं हैण्डबाल बालक का जनपद स्तर पर चयन परीक्षण 24 फरवरी 2025 को आयोजित किया जायेगा। जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल,बैडमिण्टन एवं टी0टी0 बालिका का जनपद स्तर पर चयन परीक्षण 22 फरवरी 2025 तथा कबड्डी, बास्केटबाल, तीरन्दाजी, एथलेटिक्स एवं हैण्डबाल बालिका चयन परीक्षण 25 फरवरी 2024 को किया जायेगा। जनपद स्तर पर सफल खिलाड़ी निर्धारित तिथि को मण्डलीय चयन परीक्षण में प्रतिभाग करेंगे तथा मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही 05 मार्च 2024 से 09 मार्च 2024 तक आयोजित होने राज्य स्तरीय चयन परीक्षण/प्रतियोगिता में अपने मण्डल की ओर से प्रतिभाग करेंगे। जनपद स्तर एवं मण्डल स्तर पर खिलाड़ी अपने स्वयं के व्यय पर प्रतिभाग करेंगे।आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के इच्छुक खिलाड़ी खेल साथी पोर्टल http://www.khelsathi.in/application/admin/login पर लाग-इन कर आनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध फार्म पूर्ण रूप से स्पष्ट शब्दों में भरा जायेगा। आवेदन पत्रों को भरकर डैशबोर्ड पर उपलब्ध माध्यम से निर्धारित शुल्क को आनलाइन खेल साथी पोर्टल के माध्यम से बैंक/कोषागार में जमा किया जायेगा। खिलाड़ी की आयु की गणना 01 अप्रैल, 2025 से की जायेगी। जिम्नास्टिक एवं तैराकी में 12 वर्ष से कम के खिलाड़ियों का परीक्षण होगा तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का समस्त व्यय खेल विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। मण्डल स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन कर खिलाड़ियों की जैविक आयु का अध्ययन करते हुए चयन किया जायेगा। प्रत्येक स्तर पर चयन शारीरिक दक्षता, खेल कौशल एवं खेल प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण खिलाड़ियों का ही खेल कौशल एवं खेल प्रदर्शन का परीक्षण लिया जायेगा, जो भी खिलाड़ी शारीरिक दक्षता परीक्षण को उत्तीर्ण नहीं करेंगे उनका चयन नहीं किया जायेगा। खेल साथी ऐप पर आवेदन-पत्र एवं चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में समस्त सूचना उपलब्ध है। आवासीय क्रीड़ा छात्रावास खेल निदेशालय उ0प्र0 द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण योजना है इसके अन्तर्गत प्रदेश स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश देकर विभिन्न खेलो में नियमित रूप से खेलों के विशेष प्रशिक्षण के साथ ही पढ़ाई, आवास, भोजन, चिकित्सा आदि की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के विभिन्न खेल छात्रावासों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रदर्शन करते रहे हैं।आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु चयन/ट्रायल्स से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, जौनपु? में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

# जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर दी गयी श्रद्धांजलि

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में में हुआ आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अम्बष्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम



अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह सहित व अन्य अधिकारियों एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों के द्वारा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके सिद्धान्तो विचारो और देश की आजादी दिलाने में उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा सुभाष चंद्र जी के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। नेता जी स्वयं में प्रकाश पुन्ज थे। सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास करने के बाद भी इसे छोड़कर उन्होंने भारत माता की सेवा करने का रास्ता चुना। उनके अन्दर नेतृव करने की जो क्षमता थी तथा जो जीजिविषा थी। उसी के दम पर संघर्ष करते हुए देश को आजादी दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देशवासियों में एकजुटता और नई ऊर्जा की भावना विकसित की। आजाद हिन्द फौज का गठन किया। उन्होंने अपने पूरी क्षमता के साथ कार्य करते हुए अपने जीवन में कई गतिरोध का सामना किया। वे स्वतन्त्रता सेनानी होने के साथ-साथ स्वाधीन भारत की नींव को स्थापित करने वाले नेताजी गरम दल के नेता थे। स्पष्ट वक्ता थे।अखंड आत्मविश्वास और कभी न भयभीत होने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसे पराक्रमी भारत के लाल के जीवन दर्शन से सीख लेते हुए संकल्प ले कि कभी जीवन में निराश न होकर अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित अन्य ने नेताजी सुबाष चन्द्र जी के महान व्यक्तित्व के सम्बन्ध में अपने-अपने विचारों को साझा किया। इस अवसर पर विशेष शासकीय अधिवक्ता रविन्द्र नरायण सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रेन का धक्का लगने से किशोर की मौत

अजीम सिद्दीकी, खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वृहस्पतिवार को वाराणसी अयोध्या रेल खण्ड पर खेतासराय रेलवे क्रासिंग के समीप बकरी चराते समय दून एक्सप्रेस की चपेट में आने से किशोर की मौत मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिया शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार वृहस्पतिवार की दोपहर नगर के कासिमपुर वार्ड निवासी शाहिद का पुत्र अदनान 14 रेलवे ट्रैक के पास बकरी चरा रहा था। तभी खेतासराय स्टेशन की तरफ से हावड़ा दून 9 अप ट्रेन आ गई। अदनान बकरियों को ट्रैक से हटाते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पाकर परिजन हॉस्पिटल ले जा रहे थे तभी रास्ते में अदनान की मौत हो गई। परिजनो ने देर शाम बिना पुलिस या जी आर पी को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

# दुकान में आग लगने से सिलेण्डर उड़े, हजारों का सामान जलकर हो गया राख

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जलालपुर थाना क्षेत्र के बीबनमऊ गांव स्थित नेशनल हाईवे पर मड़हे की दुकान मे लगी आग में दुकान में रखा घरेलू गैस सिलेंडर सहित हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। जलालपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित बीबनमऊ गांव के समीप जनरल स्टोर व चाय पान की दुकान मे अज्ञात कारणो से आग लगने से दुकान मे रखे दो घरेलू गैस सिलेंडर में एक फट गया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। सिलेन्डर इतने ऊपर तक उछला कि सौ मीटर बगल में स्थिति एक ढाबे के चार मंजिला मकान के छत से होते हुए रूम मे लगे एसी से टकराते हुए नीचे जा गिर गया। घटना के समीप की होटल के कर्मचारी बर्तन साफ कर रहे थे जो बाल बाल बच गये। जिससे एसी सहित बर्तन चकनाचूर हो गये। दुकानदार बालचन्द वर्मा ने बताया कि दुकान में रखा टीवी फीज साईकिल बाईक खाने पीने के सामान सहित दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदार आग बुझाने के चक्कर मे बुरी तरह से झुलस गया। जिसे लोगो द्वारा हास्पिटल पहुंचाया गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने लोगो की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन दुकान के अन्दर एक सिलेण्डर होने की वजह से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# भजन सन्ध्या एवं प्रसाद वितरण 26 को

जौनपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला ईशापुर मेनरोड गली स्थित प्राचीन श्री महामाया मंदिर का आगामी 26 जनवरी को प्रथम श्रृंगार महोत्सव एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। सायंकाल पांच बजे से होने वाले श्रृंगार महोत्सव के बाद भजन सन्ध्या का कार्यक्रम भी सुनिश्चित है। इसमें जनपद ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के जाने-माने कलाकारों द्वारा भक्तिगीतों की प्रस्तुति की जाएगी। आयोजक गणों ने जनपद के भक्तों से अपील किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य के भागी बने।

# खेतासराय में मालवाहक ट्रक हुआ खराब, रफ्तार पर लगा ब्रेक

निशानाथ, खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय बाजार में गुरुवार की दोपहर एक मालवाहक ट्रक में आई खराबी से जाम के हालात बन गए।




इसका असर राष्ट्रीय राजमार्ग 135 ए पर पूरे बाजार में देखने को मिला। एक तरफ वाहनों के पहिए थम गए तो दूसरी तरफ वाहन रेंगते नजर आए। यह स्थिति लगभग आधे घंटे तक रही। दोपहर पौने दो बजे मालवाहक एक ट्रक शाहगंज की ओर जा रहा था। चौराहा से दो सौ मीटर आगे पहुंचते ही ट्रक में खराबी आने से सड़क पर खड़ा हो गया। दस मिनट में पूरे बाजार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ खुटहन मार्ग और दीदारगंज मार्ग प्रभावित हो गया। चौराहा पर तैनात पुलिस हालात सामान्य करने में लग गई। दस मिनट में ट्रक चालक ने खराबी ठीक कर ट्रक आगे बढ़ाया तो वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। जाम खत्म होने में लगभग आधा घंटे का समय लग गया।

# मुगराबादशाहपुर पुलिस ने तमन्चा व कारतूस के साथ एक को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा प्र0नि0 विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे उ0नि0 अरविन्द यादव मय हमराह द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर 01 अभियुक्त सत्यम पटेल पुत्र अशोक कुमार पटेल निवासी ग्राम कबीरपुर पोस्ट नीभापुर थाना मुँगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र 23 वर्ष को एक देशी तमन्चा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ दिनांक 23.01.2025 समय करीब 11.00 अपरान्ह पर गोधुआ तिराहे के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0- 018/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# वाराणसी में सरकारी अस्पतालों में दलालों से मिलेगी आजादी

## लगाया जायेगा ड्रेस कोड, कर्मचारी और दलाल की आसानी से हो सकेगी पहचान

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी से लेकर वार्ड, पैथलॉजी, रेडियोलॉजी विभाग सहित अन्य जगहों पर काम करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को ड्यूटी के समय अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड में रहना होगा। साथ ही नेम प्लेट भी लगाना होगा। अस्पतालों में इसका पालन न होने से ओपीडी से लेकर वार्ड, जांच केंद्र में घूमने वाले दलालों की पहचान भी नहीं हो पाती है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से वाराणसी मंडल के चारों जिलों (वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर) में व्यवस्था लागू की गई है। सरकारी अस्पतालों में आए दिन दलालों की सक्रियता की शिकायत स्वास्थ्य विभाग को मिलती रहती है। बाहर की दवा खरीदने से लेकर जांच के लिए दलाल फंसाकर ले जाते हैं। कभी कभी तो ओपीडी गेट पर ही दलाल खड़े रहते हैं। अपर निदेशक डॉ. नीता ने बताया कि सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर ड्रेस कोड का पालन होगा। कहा कि ड्यूटी के समय ड्रेस कोड में रहने से स्वास्थ्यकर्मियों की पहचान होती है। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था के लागू होने के बाद से दलालों पर अंकुश तो लगेगा ही, साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों की पहचान भी हो जाएगी। अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों पर इसको हर हाल में लागू करवाया जाएगा। जिला अस्पताल में गड़बड़ी मिलने के बाद बनी व्यवस्था वाराणसी के जिला अस्पताल में मंगलवार को अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ.नीता, सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी के निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्ड ड्यूटी से लेकर पैथलॉजी, ब्लड बैंक सहित अन्य जगहों पर डॉक्टर ड्रेस में नहीं दिखे। पैरामेडिकल स्टाफ भी निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते नहीं मिले। नेम प्लेट भी किसी ने नहीं लगाया था। इस पर नाराज अपर निदेशक ने हर हाल में ड्रेस कोड का पालन करने को कहा है।



# जलालपुर पुलिस ने गोकशी मामले में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत, जौनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा प्र0नि0 घनानन्द त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 रोहित राज यादव मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 0012/2025 325/61(2) बीएनएस व 3/5ए/5बी/8 गौ वध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 आजाद पुत्र रियासत निवासी तेतारपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को बन्दीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व विधायक ने अपने आवास पर गरीब, असहाय, जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के रोहनिया में कड़ाके की ठंड से



राहत पाने हेतु रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के औढ़े स्थित अपने आवास पर गुरुवार को पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ने क्षेत्र से आए गरीब असहाय जरूरतमंदों को 350 कम्बल वितरण किया। कंबल पाकर गरीब असहायों के चेहरे खिल उठे। पूर्व विधायक रोहनिया सुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि गरीब असहायों की सेवा करना भगवान की पूजा करने के बराबर है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उदयभान सिंह उदल, अजय दुबे, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह गोपाल, दीपक सिंह, विकास दुबे, सुनील सिंह, पीएन सिंह, प्रदीप प्रजापति, कमलेश प्रजापति, धर्मेंद्र यादव, चंदू सिंह, गोल्डन सिंह, प्रदीप जायसवाल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# होटल क्लार्क की अवैध पार्किंग कराई गई खाली

## वाराणसी के कैंटोनमेंट बोर्ड ने की कार्रवाई, 7 साल से था अवैध कब्जा

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के कैंटोनमेंट बोर्ड छावनी परिषद ने बुधवार की शाम होटल क्लार्क की अवैध पार्किंग को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान क्लार्क प्रशासन और छावनी परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों में नोकझोंक भी हुई। बता दें कि छावनी परिषद द्वारा यह जमीन होटल क्लर्क को एक डीड के अनुसार दी गई थी। जो साल 2019 में खत्म हो गई थी। ऐसे में पार्किंग हटाने का नोटिस दिया जा चुका था। लेकिन होटल इसे मान नहीं रहा था। ऐसे में बुधवार की शाम छावनी परिषद ने इस अवैध कब्जे को खाली करवा लिया। बोर्ड के अधिकारियों ने आगे भी ऐसी कार्रवाई करते रहने की बात कही है। शाम 6 बजे पहुंचे अधिकारी, हटने लगा अतिक्रमण होटल क्लार्क के सामने स्थित अवैध पार्किंग पर शाम 6 बजे भारी पुलिस फोर्स के साथ छावनी परिषद के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य के साथ ही साथ अतिक्रमण दस्ता मौके पर पहुंचा। इसके बाद मौके से अतिक्रमण हटाया जाने लगा। इसपर होटल के कर्मी भी बाहर निकल आये और कैंटोनमेंट बोर्ड के सदस्यों और अधिकारियों से बहस होने लगी। विरोध के बीच जारी रहा काम क्लार्क होटल के विरोध के बीच बोर्ड के कर्मचारियों ने काम जारी रखा और सामान हटाते रहे। इस स्थान को तीन घंटे में बोर्ड के कर्मियों ने रात 9 बजे के बाद पूरी तरह से कब्जा मुक्त करवा दिया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी है। यदि दोबारा अतिक्रमण किया जाएगा तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साल 2019 में खत्म हो गया था कांट्रेक्ट छावनी बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने बताया यह जगह कांट्रेक्ट बेस पर शुल्क के साथ होटल क्लार्क को दी गई थी। साल 2019 में वह कांट्रेक्ट समाप्त हो गया था। जिसके बाद होटल के अधिकारियों को इस जगह को खाली करने की नोटिस दी गई थी। लेकिन इस नोटिस का कोई जवाब न मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।




# परिवार से नाराज होकर घर से गई दो सगी बहनों को चंद घंटों में पुलिस ने किया सकुशल बरामद

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के थाना लालपुर पांडेयपुर अन्तर्गत हुकुलगंज की रहने वाली दो सगी बहन घर से नाराज होकर कही चली गई थी।परिवार ने इसकी सूचना थाना लालपुर पांडेयपुर पर दी। थाना लालपुर पांडेयपुर की पुलिस थाना प्रभारी विवेक पाठक, उ0नि0 श्रीराम उपाध्याय, प्र0उ0नि0 करुणाशील, क्राइम टीम में उ0नि0 विद्यासागर व कांस्टेबल मनीष तिवारी ने चंद घंटों में सकुशल दोनों बहनों को कैंट से बरामद करते हुए परिवार को सुपर्द किए।



# वाराणसी नगर निगम जारी करेगा 50 करोड़ का बांड

## सिगरा और कबीरचौरा में 58 करोड़ से बनेंगे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

वाराणसी(उत्तरशाक्ति)। जनपद में योगी सरकार की कैबिनेट से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद वाराणसी नगर निगम 50 करोड रुपए का बांड जारी करेगा। बांड के जरिए मार्केट से जुटाए पैसों से सिगरा और पशु अस्पताल कबीर चौरा में कमर्शियल बिल्डिंग बनाई जाएगी। 26 करोड़ लागत से बनेगा सिगरा में कॉम्प्लेक्स नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि पहले चरण में सिगरा में 36 करोड़ की लागत से 28 सौ वर्गमीटर में बिल्डिंग बनेगी। दूसरे चरण में पशु अस्पताल कबीरचौरा में भी 22 करोड़ की लागत से कमर्शियल बिल्डिंग बनाई जाएगी। नगर निगम भी बनेगा साझेदार नगर निगम को पहले चरण में 50 करोड़ के बांड जारी करने की शासन से मंजूरी मिली है। नगर निगम बॉन्ड के जरिए जुटाए रुपए से दो स्थानों पर कमर्शियल बिल्डिंग बनाएगा। निर्माण की लागत 58 करोड़ रुपए प्रस्तावित है। शेष धनराशि नगर निगम निर्माण में लगाएगा। सेबी के सेमिनार में ले चुके ट्रेनिंग वाराणसी नगर निगम का बांड जारी करने की कवायद वर्ष 2017 से ही चल रही थी। नगर निगम की कार्यकारिणी में भी 100 करोड़ के बांड जारी करने पर सहमति बनी थी। बांड जारी करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर निगम की एक टीम ने बीते साल मुम्बई के सेबी ऑफिस भी पहुंची थी। सेबी की निगरानी में होगी बैलेंस शीट बांड जारी होने के साथ ही नगर निगम की बैलेंसनशीट सीधे सेबी की निगरानी में होगी। बैलेंसशीट का वेरिफिकेशन सेबी करेगी। शहर के विकास को मिलेगी गति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों को पंख लगेंगे। नगर निगम बांड के जरिए जुटाए पैसों को विकास कार्यों में लगाएगा। अब नगर निगम शहर में अपनी अन्य भूमि जो हाल ही में अतिक्रमण मुक्त हुई हैं। उनपर भी प्रोजेक्ट तैयार करने की प्रक्रिया में जुट गया है।



# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपनी 8वीं वर्षगांठ मनाई

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो इसके विकास और वित्तीय समावेशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2017 में अपनी शुरूआत से लेकर, बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुए, बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर कई नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा है, जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के साथ देश भर में एक अमिट छाप छोड़ने की हमारी यात्रा में, हमें अपने ग्राहकों का अटूट विश्वास और समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जिसने हमें देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में से एक बनने में सक्षम बनाया है। हमारी 8वीं वर्षगांठ के इस दिन 15 नए आउटलेट्स का शुभारंभ, जिसमें सिक्किम राज्य में हमारा पहला आउटलेट भी शामिल है, जो अब हमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए, भारत भर में समुदायों की सेवा करने के हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। सुलभ और अभिनव बैंकिंग समाधान प्रदान करके, हम वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और उन क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हम सेवा प्रदान कर रहे हैं।

# चोरों ने अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चोरी

आजमगढ़। आजमगढ़ के कोतवाली क्षेत्र निवासी एक अधिवक्ता का परिवार महाकुंभ में गया था, लेकिन चोरों ने ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। हाफिजपुर निवासी इंद्रभूषण यादव अधिवक्ता हैं। वह पत्नी दुर्गावती यादव के साथ 11 जनवरी को महाकुंभ गए थे। तब से वहीं थे। इंद्रभूषण के मुताबिक, बीते 19 जनवरी को उनके जूनियर अधिवक्ता दिनेश ग्राम गुलउर थाना मुबारकपुर ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। इस सूचना पर प्रयागराज से घर के लिए रवाना हो गए। घर आने पर उनको पता चला कि घर का ताला तोड़कर चोरों ने 20,000 रुपये नकदी और जेवरात चुरा लिए हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पांडेय ने बताया कि घर से सिर्फ 20 हजार रुपये की चोरी हुई है। अन्य सामान घर में ही थे। इसकी जानकारी पीड़ित को बाद में हुई। उन्होंने मुकदमा दर्ज करने के बाद आकर इसकी जानकारी दी।

# शादी के बीच दूल्हे की हरकत देख भड़क गई दुल्हन, शादी से किया इनकार

**सोनभद्र(उत्तरशक्ति)।** सोनभद्र जिले के शक्तिनगर थाने के खड़िया बाजार में जयमाल के दौरान दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। आरोप था कि दुल्हा विक्षिप्त है। थाने में घंटों पंचायत के बाद शादी का खर्च लौटाने की बात पर बरात बिना दुल्हन के लौट गई। बरात शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से शक्तिनगर के खड़िया बाजार पहुंची थी। धूमधाम से बरात लड़की के दरवाजे पर पहुंची। लड़की पक्ष ने बरातियों की खूब आवभगत की। द्वारपूजा के बाद जयमाल की रस्म शुरू हुई। इसी बीच जयमाल के लिए स्टेज पर बैठे दूल्हे की हरकत देख उसके विक्षिप्त होने की बात सामने आई। दुल्हन और उनके परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया। दूल्हे के पिता पर विक्षिप्त होने की बात को छुपाने का आरोप लगाया। देखते-देखते मामला पुलिस तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दूल्हे और उसके पिता के साथ ही गाड़ियों सहित बरातियों को थाने ले गई। यहां घरातियों ने शादी से पूर्व दिए गए सामान और सारे खर्चे की भरपाई की मांग की। कई घंटों चले सुलह समझौते के बीच दूल्हे के पिता से 50 हजार नकद और 5 लाख 50 हजार का चेक दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ और बरातियों समेत दूल्हे और उनके पिता को छोड़ा गया।

# तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में घुसी , एक की मौत

**भदोही(उत्तरशक्ति)।** भदोही जिले की कोतवाली क्षेत्र के कंसरायपुर बाईपास मार्ग पर बुधवार की रात खड़े ट्रक में पीछे से आई तेज रफ्तार अर्टिगा कार घुस गई। इससे कार के परखच्चे उड़ गए। घटना में कार की अगली सीट पर बैठे व्यक्ति की सीएचसी चौरी रोड पहुंचते ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना के बाद कार चालक भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक, कार नंबर यूपी-66 2122 जमुनीपुर कालोनी की प्रभावती देवी के नाम से पंजीकृत है। कार बुधवार की शाम इंदिरा मिल की ओर से तेज रफ्तार रजपुरा की ओर जा रही थी। रास्ते में कंसरायपुर में कार खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। घटना के दौरान तेज आवाज सुनकर आस पास के लोगों की नींद खुली तो घटनास्थल की ओर भागे। मौके पर देखा कार की बाईं ओर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वहां बैठा व्यक्ति बुरी तरह फंस गया था। किसी तरह लोगों की मदद से उसे बाहर निकाल कर राजकीय एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देर रात मौके पर पहुंचे कोतवाल अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रात से ही मृतक की पहचान कराने का प्रयास हो रहा है। अब तक नहीं हो सका है।

# छत की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

**बस्ती ,रुधौली।** सुरुआर कला गांव में युवक का शव छत की कुंडी में रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जानकारी हासिल कर साक्ष्य एकत्र किए और विधि कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, सुरुआर कला गांव के 20 वर्षीय संतोष कुमार का शव उन्हीं के घर के एक कमरे में छत की कुंडी में रस्सी के सहारे लटका हुआ पाया गया। इसकी जानकारी पिता जगदीश को उसे समय हुई जब वह अपने कमरे से सुबह करीब नौ बजे बेटे के कमरे में गए। देखा कि बेटा रस्सी के सहारे छत की कुंडी में लटक रहा था। पिता ने बताया कि बेटे का दिमागी हालत खराब था। इलाज गोरखपुर में चल रहा था। युवक की मां की मृत्यु हो चुकी है।

# पुलिस चौकी के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध कब्जा

अमरोहा (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र में कुछ दबंगों ने पुलिस चौकी के लिए चिह्नित जमीन पर ही अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। मामले में लेखपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र में हाईवे किनारे जिवाई चौकी किराए की बिल्डिंग में चल रही है। डिडौली इंस्पेक्टर हरिश्वर्धन सिंह ने चौकी को स्थाई रूप से स्थापित करने के लिए जमीन की तलाश की। थाना समाधान दिवस में उन्होंने डीएम निधि गुप्ता वत्स से जमीन की व्यवस्था करने की मांग की थी। इसके बाद जिवाई की गाटा संख्या 26 में 0.0280 हेक्टेयर और करनपुर की गाटा संख्या 287 में 0.0160 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजारा के रूप में अंकित पाई गई। लिहाजा, पुलिस चौकी जिवाई बनाने के लिए इस जमीन को चिह्नित किया गया।

# धूमधाम से संपन्न हुआ नालासोपारा पूर्व ईच्छापूर्ती बालाजी हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव

**-प्रेम चंद मिश्रा**

**नालासोपारा(उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पूर्व ओसवाल नगर नाका पर स्थित ईच्छापूर्ती बालाजी हनुमान मंदिर में बुधवार प्रातः काल से पूजा अर्चना के साथ सत्यनारायण महापूजा के पश्चात सायंकाल भजनसंध्या व महाप्रसाद के साथ ही मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया जहां बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही।

बता दे कि गत वर्ष 22 जनवरी 2024 अयोध्या में विराजमान हुए श्री राम लला जी की प्रेरणा से उनके अनन्य भक्त कलयुग के देवता श्री हनुमान जी महराज के मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शास्त्रोक्त विधि विधान से नालासोपारा पूर्व में ओसवाल नगर नवनिर्मित ईच्छापूर्ती मंदिर में की गयी थी, मंदिर स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंदिर के प्रबंधक व मुख्य आयोजक पं.महेन्द्र शर्मा द्वारा श्री रामभक्त नागरिकों के सहयोग से उक्त कार्यक्रम आयोजित किया था। आचार्य पं.कौशल महराज जी के सानिध्य में सभी धार्मिक अनुष्ठान पूजा हवन ,आरती के पश्चात सायंकाल से विशिष्ट कलाकारों द्वारा भजन संध्या के कार्यक्रम में भोजपुरिया माटी के लाल लोकगायक राकेश तिवारी 'बबलू' व खुश्बू मिश्रा के साथ ही अंबरीष मिश्रा की प्रस्तुति पर उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाकर झूमते रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वविश मनपा की प्रथम महिला महापौर प्रवीणा हितेंद्र ठाकुर, पूर्व सभापति भरत भाई मकवाना, पूरर्व नगरसेवक सचिन देसाई, राघवेन्द्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार मिश्र, महासचिव दीनानाथ दूबे, समाजसेवी विरेन्द्र कुमार मिश्रा 'बबलू', निलेश चौधरी, केडी शर्मा, महेंद्र त्रिपाठी, दिवाकर शुक्ल, प्रयागराज फाऊंडेशन के अध्यक्ष बृजेश मिश्रा, महाकालेश्वर सेवा फाऊंडेशन के समस्त पदाधिकारीगण,आचार्य पं.दीनानाथ शुक्ल ,राज गुप्ता, अजित सिंह रघुवंशी, डा.विनय मिश्रा, उमाकांत पांडे, राजेश तिवारी, नरेंद्र दूबे 'सोनू' सत्य प्रकाश सिंह , खुश्बू महेंद्र शर्मा, सुधा दूबे,नीलू शर्मा , सरिता मिश्रा खबरें पूर्वांचल के संपादक वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र दूबे , वरिष्ठ पत्रकार प्रेम चौबे, शिवकुमार तिवारी, राज शर्मा,अरूण गोयल, दीपक उपाध्याय, राकेश सिंह,विपिन मिश्रा, पत्रकार आनंद कुमार मिश्रा, अजहर खान, नईम अब्बासी, संजय जैन सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।



# युवक की हत्या कर नहर में फेंकी लाश

**अंबेडकरनगर (उत्तरशक्ति)।** यूपी के अंबेडकरनगर में युवक की हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह उसका शव नहर में मिला। वह बीती शाम को घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा।

सुबह लोगों ने देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। खबर मिली तो परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए। युवक की पहचान टांडा क्षेत्र के बलया जगदीशपुर निवासी अजय सिंह के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को भरहा नहर से बाहर निकलवाया। युवक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# होटल रमता कॉन्टिनेंटल ने मनाई पहली वर्षगांठ, ग्राहकों को 25 से 35 प्रतिशत तक की छूट



**पटना(उत्तरशक्ति)।** बेहतर आतिथ्य सेवाओं के लिए प्रसिद्ध सगुना - खगौल रोड स्थित होटल रमता कॉन्टिनेंटल ने राजधानी में सफलतापूर्वक अपने 1 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर होटल प्रबंधन ने केक काटकर होटल के पहली वर्षगांठ को बड़े हीं धूमधाम से मनाया। इस मौके पर होटल के प्रबंध निदेशक सौरव सिंह ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें बहुत प्रसन्नता हो रही है इस एक वर्ष में होटल ने अपने उत्कृष्ट सेवाओं से ग्राहकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अपने संबोधन में होटल के सीईओ रणधीर कुमार रंजन ने बताया कि यह होटल सभी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है जिसमें 3 रेस्टुरेंट, 5 बैंकवेट हॉल, जिम, सलून एंड स्पा तथा 32 आधुनिक सुसज्जित कमरे हैं। होटल के एफ एंड बी मैनेजर विकास आनंद राज ने कहा कि इस वर्षगांठ पर हम अपने ग्राहकों को फूड आइटम्स पर 25 प्रतिशत जबकि रूम्स पर 35 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहे हैं जो कि पूरे जनवरी माह तक वैध होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मेहमानों के बहुमूल्य सुझाव का स्वागत करते हैं और उन पर अमल करके उसे दूर करने की भरपूर कोशिश करते हैं। वहीं होटल के एजीक्यूटिव सेफ सत्यम कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य अतिथियों को बेहतर खाना और सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर होटल के बीडीएम मो. मसरूर आलम, एफओएम रंजीत कुमार, सीएसओ संतोष कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सिकंदर कुमार, परचेज मैनेजर अनिल कुमार, अकाउंटेंट सन्नी कुमार सहित होटल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाला साहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर फल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** 23 जनवरी को हिंदू सम्राट बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर शिक्षक सेना उत्तर मुंबई के सचिव अजय वाघ के माध्यम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए बालासाहेब ठाकरे की शिक्षाओं को जीवित रखने के लिए कई गणमान्य लोगों द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। अपने एक कट्टर कार्यकर्ता अजय वाघ हर साल विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके बालासाहेब ठाकरे की जयंती को बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाते हैं।

आदर्श मर्यादों को ध्यान में रखते हुए दिए गए शिक्षण को सही समय पर दोहराने के लिए शिक्षक सेना के उत्तर मुंबई सचिव अजय वाघ ने जरूरतमंदों और बीमारों को सभी शाखाओं के सभी शिक्षण कर्मचारियों और अधिकारियों को फल वितरित किए बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शिक्षक सेना उत्तर मुंबई के अध्यक्ष अजय वाघ ने हमारे संवाददाता को बताया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिरडी लोकसभा खजदार मा भाऊसाहेब वाघचौरे, उत्तर पूर्व मुंबई सांसद मा संजय पाटिल, शिक्षक संघ के विधायक अभयकर साहेब थे। मेरे नगरसेवक सुरेश पाटिल, मेरे नगरसेवक संजय भालेराव, डॉ. चंद्रकांत और उनकी पूरी टीम, नीलेश जंगम साहब, मुंबई अध्यक्ष अजीत चव्हाण, जालिंदर सरोदे, शाखा प्रमुख संजय कदम, शाखा प्रमुख संजय काकड़े की उपस्थिति में फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुई और शिक्षक सेना उत्तर मुंबई के अध्यक्ष अजय वाघ ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# शहीद इंस्पेक्टर के परिवार को 50 लाख की सहायता



**शामली (उत्तरशक्ति)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट डालते हुए मुठभेड़ में शहीद हुए इंस्पेक्टर सुनील के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, गृह जनपद की एक सड़क शहीद के नाम पर करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि। अब वेस्ट यूपी और हरियाणा के 40 गैंगों के 256 सदस्य एसटीएफ और पुलिस के रडार पर आ गए हैं। स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरोह पर शिकंजा कसा जाएगा। एसटीएफ के एसपी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकीम काला और मुस्तफा उर्फ कग्गा गैंग के चार सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराने के बाद अब वेस्ट यूपी और हरियाणा के बदमाशों के 40 गैंगों के 256 सदस्य रडार पर हैं। उक्त गिरोह शामली के अलावा बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मेरठ, हरियाणा के पानीपत, सोनीपत, रोहतक, हिसार, करनाल, यमुनानगर, झज्जर आदि जिलों में लूट से लेकर हत्या, चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। संबंधित जिलों की पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों की धरपकड़ को विशेष प्लान तैयार किया गया है। जिन जिन स्थानों पर बदमाशों के ठिकाने हैं, वहां छापामारी कर शिकंजा कसा जाएगा। यही नहीं पुलिस अतिरिक्त सुरक्षा बरतेगी, ताकि खुद का भी बचाव किया जा सके। एसटीएफ के अधिकरियों के अनुसार, जांच में सामने आया है कि विभिन्न गिरोह के सदस्य खेतों या फिर आसपास के गांवों के बजाय देहरादून, शिमला के विभिन्न स्थानों पर किराए पर कमरा लेकर शरण ले रहे हैं। मुकीम, लॉरेंस और अन्य गिरोह के सदस्य हरियाणा के करनाल, पानीपत में भी शरण लेते हैं। पुलिस ने शरण देने वाले 32 लोगों को चिन्हित किया है, जिन पर जल्द शिकंजा कसा जाएगा।

एसटीएफ के अनुसार, जांच में सामने आया है कि अधिकतर गिरोह के सदस्य लग्जरी गाड़ियों का प्रयोग करते हैं, ताकि पुलिस को उन पर शक नहीं हो। कुछ बदमाश फर्जी नंबर प्लेट लगाकर भी कारों का संचालन कर रहे हैं।

सुशील, मुकीम काला, लॉरेंस बिश्नोई और काला जठेडी लूट से लेकर रंगदारी मांगने जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि पुलिस ने गिरोह के सरगनाओं समेत कई सदस्यों को सलाखो के पीछे भी पहुंचाया है। मगर सरगना के जेल जाते ही युवा सदस्य गिरोह की कमान संभाल लेते हैं।

# इंस्पेक्टर और दरोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**रामपुर,संभल (उत्तरशक्ति)।** संभल में तैनात सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह और दरोगा अजय कुमार डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के मामले में बृहस्पतिवार को फिर कोर्ट नहीं पहुंचे। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। इस मामले में सपा नेता आजम खां आरोपी हैं। अब इस मामले की सुनवाई 28 जनवरी को होगी। डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के मामले में बृहस्पतिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में संभल में तैनात सर्विलांस प्रभारी रामवीर सिंह और दरोगा अजय कुमार को पेश होना था लेकिन वह नहीं पहुंचे। जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। अब इस मामले की सुनवाई 28 जनवरी को होगी। यहां बताते चलें कि गंज कोतवाली में क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, मारपीट व डकैती के 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। जिसमें से छह मामलों में कोर्ट का फैसला आ चुका है, जबकि छह मामले अभी भी कोर्ट में विचाराधीन है। इन सभी मामलों की सुनवाई एक साथ चल रही है। इन सभी मामलों में सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। सपा नेता आजम खां के खिलाफ भोट थाने में दर्ज नफरती भाषण के मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान गवाह सिपाही परमेंद्र सिंह ने कोर्ट पहुंचकर गवाही दी। उनकी गवाही पूरी हो गई। इस मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। यह मामला वीडियो अवलोकन के प्रभारी अनिल चौहान ने 11 मई 2019 को दर्ज कराया था। गवाह को धमकाने के मामले में पीड़ित नन्हे ने कोर्ट में पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। जहां पर सपा नेता आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की जो कि पूरी नहीं हो सकी। लिहाजा इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को भी होगी। यह मामला गंज थाने में नन्हे की ओर से दर्ज कराया था,जिसमें सपा नेता आजम खां को आरोपी बनाया गया है।

# 2014 के बाद देश का विकास तेजी से बढ़ा

**गाजीपुर(उत्तरशक्ति)।** भाजपा अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा की ओर से संविधान गौरव अभियान के तहत हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन बुधवार को छावनी लाइन स्थित जिला कार्यालय पर किया गया। मुख्य वक्ता राज्यसभा की सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि डॉ. आबेडकर ने संविधान में समाज के प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति के जीवन में समृद्धि और उत्थान का जो सपना देखा था, वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। 2014 के बाद भारत का विकास और सम्मान दोनों तेज गति से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह अच्छी तरह जानती है कि संविधान की सुरक्षा और लोकतंत्र की मजबूती प्रधानमंत्री के हाथों में सुरक्षित है। आज देश एवं प्रदेश में संविधान एवं कानून का राज स्थापित है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय ने कहा कि संविधान के प्रति भाजपा एवं उसकी सरकार की निष्ठा सरकार के हर निर्णय में निहित है। प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रो. शोभनाथ यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान की नीतियों का अपमान और उल्लंघन करते हुए समाज में बिखराव पैदा करने की राजनीति करती रही है।

# बाजार से घर जा रही थी महिला की बाइक की टक्कर से मौत




**मऊ(उत्तरशक्ति)।** मऊ जिले की घोसी कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर चौक के पास बुधवार की शाम बाजार से घर लौट रही वृद्धा को बेकाबू बाइक चालक ने टक्कर मार दी। महिला का गंभीर हालात में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका की पहचान घोसी कोतवाली क्षेत्र के मुजार खुर्द निवासिनी पाना देवी (60) पत्नी स्व. रामबेलास यादव के रूप में हुई। महिला बुधवार की शाम करीब आठ बजे अमिला अंबेडकर चौक से बाजार कर वापस घर के पैदल घर जा रही थी। उसी दौरान अमिला/बोझी मार्ग पर अंबेडकर चौक से सौ मीटर आगे अमिला की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल होकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़राव ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना के बाद भाग रहे आरोपी चालक को बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मृतका का एक पुत्र राणा प्रताप उर्फ बबलू हैजो रोजी रोटी के लिए बाहर रहता है।

# पिकअप से टकराए बाइक सवार युवक की मौत

**गाजीपुर(उत्तरशक्ति)।** नगसर हॉल्ट थानाक्षेत्र के अवती गांव के ट्यूबवेल के समीप बुधवार को पिकअप और बाइक में टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार सभी लड़के एक मिठाई की दुकान पर काम करने जा रहे थे। नगसर हॉल्ट थानाक्षेत्र के दसवंतपुर निवासी मोनू वर्मा (18), बिट्टू वर्मा (16), किशन वर्मा (15), शेरू वर्मा (16), शिवम वर्मा (16) एक ही बाइक पर सवार होकर नगसर बाजार में मिठाई की दुकान पर काम करने जा रहे थे। गांव से करीब तीन किमी दूर अवती में मोड़ के पास नगसर से दशवंतपुर की तरफ जा रही पिकअप वाहन से टकरा गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पहुंचाया गया। घायलों में मोनू और बिट्टू की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहां चिकित्सकों ने मोनू वर्मा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप वाहन पकड़ कर थाने ले गई। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां कौशल्या देवी सहित अन्य परिजन बिलखने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की मां कौशल्या गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में रसोइयां है, जबकि पिता संतोष वर्मा कबाड़ी का काम करते हैं। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आठ दिन से बिजली गुल, उपभोक्ताओं का हंगामा

**जैदपुर (बाराबंकी)।** जैदपुर बिजली उपकेंद्र से जुड़े रानीगंज फीडर के टांड़पुरवा गांव में बीते आठ दिन से व्याप्त बिजली संकट से नाराज उपभोक्ताओं ने बुधवार को पावर हाउस पहुंच कर हंगामा किया। नाराज उपभोक्ताओं ने शिकायत के बाद भी समस्या दूर न होने पर मौजूद एसडीओ को अपनी मांग का ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि सुनवाई न होने पर क्षेत्रीय लोग धरना प्रदर्शन को विवश होंगे। रानीगंज फीडर के टांड़पुरवा गांव में बीते 14 जनवरी को एक लकड़ी ठेकेदार बाग में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा रहा था। इसी दौरान एक पेड़ समीप से गुजर रही 11 हजार एचटी लाइन के तार पर टूट कर गिर गया। इसकी चपेट में आकर सप्लाई से जुड़े चार खंभे टूट कर गिर गए। इससे इलाके की करीब दो सौ की आबादी को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्रीय निवासी ज्ञानचंद्र, ज्वाला प्रसाद, सरताज, प्रेमचन्द्र, राज कुमार आदि ने बताया कि खंभे टूट जाने के बाद बाधित हुई बिजली सप्लाई की फाल्ट दुरुस्त कराने के लिए पावर हाउस में शिकायत भी दर्ज कराई गई लेकिन आठ दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। सभी ने एकजुट होकर पावर हाउस पर पहुंच कर हंगामा किया। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ संदीप सिंह का कहना है कि क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खंभे बदलने के लिए नए खंभे मंगाए गए हैं।

# मजदूरों का फोटो स्पष्ट न होने पर भड़के डीएम

**बस्ती (उत्तरशक्ति)।** डीएम रवीश गुप्ता ने विकास खंड सदर के ग्राम पंचायत महादेवा में वेदौवरी से भैंसानाथ मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ मिट्टी पटाई के मनरेगा कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कार्य कर रहे श्रमिकों का स्थल पर ऑनलाइन उपस्थिति लगवाया। ग्राम रोजगार सेवक देवेन्द्र यादव से 10-10 मनरेगा मजूदरों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करवाया। ऑनलाइन उपस्थिति में प्रथम बार के मजदूरों के फोटोग्राफ्स दूसरी बार ऑनलाइन उपस्थित में अपलोड हो गए। मजदूरों के फोटोग्राफ्स अलग-अलग स्पष्ट नहीं थे। इस स्थिति पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी सदर को निर्देशित किया कि मनरेगा मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड करते समय मजदूरों के फोटोग्राफ्स सामने से लें। जिन मजदूरों की उपस्थिति एक बार अपलोड हो जाय, उनकी ऑनलाइन उपस्थिति दोबारा अपलोड न होने पाये।

# घर का कूड़ा नाले में फेंका तो होगी कार्रवाई

**बाराबंकी(उत्तरशक्ति)।** शहर के बीचो बीच से होकर गुजरने वाले जमुरिया नाले का जायजा लेने के लिए बुधवार को डीएम शशांक त्रिपाठी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान नाले में कूड़े के साथ प्लास्टिक कचरे का अंबार देख सख्त नाराजगी जताई। इसे गंभीर मानते हुए मौजूद नगर पालिका के अफसरों को फटकार लगाने के साथ निर्देश दिया कि प्रतिदिन डोर-टू-डोर जाकर लोगों के घरों से कचरा उठाया जाए। साथ ही चेताया कि इस कचरे को नाले में फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। डीएम ने जगनेहटा के पास एसटीपी की स्थापना की तैयारियों को भी परखते हुए बड़ेल के पास झरने का जायजा लिया। डीएम ने जॉइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं के साथ शहर में बहने वाले जमुरिया नाले का जगनेहटा और यंगस्टीम कॉलेज के पास निरीक्षण किया। कहा कि जब प्रतिदिन घरों से प्लास्टिक कचरे की उठान होने लगेगी तो जमुरिया नाले में कचरा खुद कम होने लगेगा।






## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च किया नया 2025 एक्टिवा

मुंबई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज भारत के सबसे लोकप्रिय स्कूटर एक्टिवा का नया OBD2B -अनुपालन संस्करण लॉन्च किया, जो तकनीक, सुविधा और स्थिरता के अगले स्तर तक पहुंचाता है। नए फीचर्स से लैस यह अपडेटेड एक्टिवा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। नई 2025 होंडा एक्टिवा की कीमतें 80,950 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) से शुरू होती हैं। नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेजिडेंट एंड सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, एक्टिवा हमेशा से भारतीय ग्राहकों के लिए मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने में अग्रणी रहा है। अपने नवीनतम 2025 संस्करण के साथ, यह नवाचार, सुविधा और विश्वसनीयता का आदर्श मिश्रण बना हुआ है, जिसने इसे भारत का सबसे पसंदीदा स्कूटर बनाया है। TFT डिस्प्ले के साथ ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और OBD2B -अनुपालन इंजन का समावेश तकनीक और स्थिरता के मामले में आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें विश्वास है कि नया एक्टिवा न केवल हमारे ग्राहकों के राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाएगा बल्कि भारतीय स्कूटर बाजार में होंडा की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करेगा।

नए एक्टिवा को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा सिर्फ एक स्कूटर नहीं है, यह भारत भर में करोड़ों परिवारों का एक विश्वसनीय साथी है और अपने टैगलाइन 'स्कूटर बोले तो एक्टिवा' के प्रति सच्चा है। नया 2025 एक्टिवा स्मार्ट फीचर्स जैसे 4.2 इंच का TFT डिस्प्ले, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और नेविगेशन, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और USB टाइप-उ चार्जिंग पोर्ट के साथ ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। भारत का पसंदीदा स्कूटर होने के नाते, एक्टिवा हमेशा सुविधा और विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। OBD2B मॉडल के लॉन्च के साथ, हम एक स्वच्छ भविष्य की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बेहद खुश हैं।

## श्री बजरंग इंटर कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर दिया सुरक्षा का संदेश



जौनपुर। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्री बजरंग इण्टर कॉलेज, घनश्यामपुर में आज पराक्रम दिवस एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अदम्य साहस, त्याग और उनके महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कि नेताजी का जीवन संघर्ष, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है इसके साथ ही छात्रों और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सड़क पर सुरक्षित रहने के नियमों और यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई व मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तरकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मानव श्रृंखला सड़क सुरक्षा जागरूकता और नेताजी के बलिदानों को स्मरण करने का प्रतीक बनी। इस अवसर पर प्रवक्ता मयाशंकर तिवारी, संजय तिवारी, राजेश मिश्र, शेर बहादुर मौर्य, अजीत सिंह, रामसागर सिंह, अशोक तिवारी, हृदय प्रकाश तिवारी, संजय चतुर्वेदी, रमाशंकर शुक्ल समेत सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और एनसीसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मेडहावी स्किल्स यूनिवर्सिटी ने भारतीय चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ साझेदारी पर किए हस्ताक्षर

मुंबई। मेडहावी स्किल्स यूनिवर्सिटी ने उत्तर भारत शिक्षा समिट 2025 के दौरान भारतीय चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में कौशल की कमी को दूर करना है, जिससे छात्रों को उद्योग-प्रासंगिक क्षमताओं को प्राप्त करने और स्थिर रोजगार अवसर प्राप्त करने में मदद मिल सके। यह उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्योगों में स्थायी अवसरों को सृजित करने का भी प्रयास करती है। यह सहयोग दोनों संस्थाओं की ताकतों का लाभ उठाकर ऐसे पहलुओं को डिजाइन और लागू करने का प्रयास करेगा जो शिक्षा, नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देंगे। मुख्य उद्देश्य इसमें शामिल हैंः महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कौशल अंतर को पहचानना और दूर करना, उद्यमिता और नवाचार पर केंद्रित शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास करना, कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों का आयोजन करना, प्रायर लर्निंग कार्यक्रमों का कार्यान्वयन, पुनः कौशल विकास और उद्योग की बदलती जरूरतों के साथ तालमेल बैठाने के लिए उन्नति पहलें, और सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के लिए आवेदन करने हेतु एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करना। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, कुलदीप सरमा, सह-संस्थापक और प्रो-चांसलर, मेडहावी स्किल्स यूनिवर्सिटी ने कहा, ICC के साथ यह साझेदारी शैक्षिक संस्थाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के साथ जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ICC के विशाल नेटवर्क और संसाधनों का लाभ उठाते हुए, टरव के कौशल विकास के अनुभव को जोड़कर हम छात्रों को आवश्यक कौशल से लैस करने का लक्ष्य रखते हैं। हमारी प्राथमिकता केवल तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता, नैतिक निर्णय, और जीवन भर सीखने को भी शामिल करती है, ताकि हमारे कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण से मेल खा सकें। यह साझेदारी ICC के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हो रही है, जो और भी रोमांचक है।

## होम्योपैथी पद्धति के इलाज से संभव है जटिल रोगों का इलाज




-डॉ.मोहम्मद खान सलमानी

फूलपुर, आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। होम्योपैथी पद्धति के इलाज से संभव है। जटिल रोगों का इलाज, अनुभवहीनता के चलते इलाज करने वाले डॉक्टरों का टूटता है मनोबल, उक्त बातें डा रेहानुल हुदा ने गुरुवार को एक दिवसीय इलेक्ट्रो होम्योपैथिक क्लास के आयोजन के दौरान कहीं, फूलपुर स्थित न्यू लाइफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक दवाई एवं इलाज के संबंध में प्रेजेंटेशन एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से बारीकी से समझाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर संजीद अहमद सहित अन्य डॉक्टरों ने भी अपने-अपने विचार रखें। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को सामान पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रफीक फूलपुरी जेडएफएम ने किया कार्यक्रम के प्रबंधक डा.आरिफ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. मोहम्मद खान सलमानी, डा. कफील अहमद, एस के पाण्डेय, डॉ. खुर्शीद आलम, डॉ. मोहम्मद दानिश, डॉ. अनिरुद्ध पटेल, डॉ. मोहम्मद अहमद सलमानी, डॉ. अयाज अहमद, डॉक्टर जी पी चौहान,डॉ.आरके यादव,सहित दर्जनों डॉक्टर, होम्योपैथी प्रैक्टिशनर आदि मौजूद रहे।

## जोस अलुक्कास ने प्राकृतिक हीरों पर बढ़ाया फोकस, हीरों के आभूषणों की बिक्री में 28 प्रतिशत की वृद्धि



मुंबई । भारत में गुणवत्तापूर्ण, नवोन्मेषी एवं ट्रेंडी ज्वैलरी के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम जोस अलुक्कास को हीरों के आभूषणों की कुल बिक्री में 28% की उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह वृद्धि उच्च गुणवत्ता, सुंदर डिजाइन उपलब्ध कराने के लिए ब्रांड के समर्पण और नेचुरल डायमंड काउंसिल के सहयोग से प्राकृतिक हीरों को बढ़ावा देने के प्रति इसके सक्रिय प्रयासों का प्रमाण है।

प्रीमियम, स्थायी एवं बहुमुखी आभूषणों के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद का संकेत हमें हीरों की बढ़ती मांग से मिलता है। प्रयोज्य आय में वृद्धि एवं पर्सनल स्टाइल और सोफिस्टीकेशन के प्रतीक के रूप में हीरे के प्रति बदलती मानसिकता के साथ, जोस अलुक्कास ने इंगेजमेंट रिंग्स, वेडिंग बैंड्स और डायमंड नेकलेस जैसी प्रमुख श्रेणियों में उत्पादों की बिक्री में वृद्धि देखी है। इस अवसर पर बोलते हुए, जोस अलुक्कास ग्रुप के प्रबंध निदेशक वर्गीस अलुक्कास ने कहा, भारत हीरों के आभूषणों में दूसरा सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरा है, जो प्राकृतिक हीरों के प्रति देश के बढ़ते रुझान को दशार्ता है। जोस अलुक्कास में, हमने इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों में हीरों की बिक्री में 28% की प्रभावशाली वृद्धि देखी है। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन उस भावनात्मक जुड़ाव और आकांक्षात्मक मूल्य को दशार्ता है जो हमारे ग्राहक प्राकृतिक हीरों से अनुभव करते हैं। नेचुरल डायमंड काउंसिल के साथ हमारी साझेदारी से उपभोक्ताओं को प्राकृतिक हीरों की स्थायी चमक और विरासत के बारे में शिक्षित करने का हमारे मिशन सुदृढ़ बना है। अपने विचार साझा करते हुए, नेचुरल डायमंड काउंसिल, भारत एवं मध्य पूर्व की प्रबंध निदेशक, ऋचा सिंह ने कहा, रहम प्राकृतिक हीरों के अद्वितीय गुणों और नैतिक सोर्सिंग के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जोस अलुक्कास के साथ सहयोग करके प्रसन्न हैं। इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य आकर्षक ज्वेलरी बनाकर, कार्यशालाएं आयोजित कर एवं सेल्स टीमों को प्राकृतिक हीरों की असाधारण यात्रा बयान करने हेतु उचित उपकरण मुहैया कराकर व्यापक दर्शकों तक पहुँचना है। साथ मिलकर, हम सतत विकास को बढ़ावा देने और भारत के आभूषण उद्योग में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में प्राकृतिक हीरों के महत्व को सुदृढ़ करने की उम्मीद करते हैं।

## राजौरी में रहस्यमयी बीमारी के बाद पूरा गांव कंटेनमेंट जोन घोषित, केंद्रीय मंत्री का दावा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के दूरदराज के बधाल गांव को एक नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया गया और तीन परिवारों के 17 लोगों की मौत के मद्देनजर सभी सार्वजनिक और निजी समारोहों पर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत रोकथाम आदेश लगाए गए हैं। बीएनएसएस की धारा 163 मजिस्ट्रेटों को अत्यावश्यक परिस्थितियों में लिखित आदेश जारी करने की शक्ति देती है। इन आदेशों का उपयोग उपद्रव या खतरों को रोकने या उनका समाधान करने के लिए किया जा सकता है। गांव के एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को उस रहस्यमय बीमारी का कारण किसी संक्रामक रोगजनक से इनकार किया, जिसने पिछले महीने में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में 17 लोगों की जान ले ली है। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जांच संभावित अपराधी के रूप में अज्ञात विषाक्त पदार्थों की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में सीएसआईआर लैब द्वारा की गई प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह कोई वायरल या बैक्टीरियल प्रकृति का संक्रमण नहीं है। विषाक्त पदार्थ पाए गए हैं। अब यह किस तरह का जहर है इसकी जांच की जा रही है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और अगर कोई साजिश पाई गई तो उचित कार्रवाई की जाएगी। 7 दिसंबर से 19 जनवरी के बीच राजौरी के सुदूर बधाल गांव में तीन परिवारों के बीच मौतें हुईं, जिससे अधिकारियों को बुधवार को क्षेत्र को एक नियंत्रण क्षेत्र घोषित करना पड़ा। दहशत को रोकने के लिए सार्वजनिक और निजी समारोहों पर भी निषेधाज्ञा लागू की गई है।

## मोदी और केजरीवाल पर राहुल का वार, बोले- दिल्ली को चाहिए शीला दीक्षित का विकास मॉडल

नईदिल्ली। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली अब पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का वास्तविक विकास मॉडल चाहती है, न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का झूठा प्रचार और पीआर मॉडल। गांधी ने फेसबुक पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो असेंबल साझा किया। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने हिंदी में अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि खराब निर्माण, गंदगी, महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण और भ्रष्टाचार - दिल्ली की सच्चाई जनता के सामने है। राहुल गांधी ने जोर देते हुए कहा कि दिल्ली अब मोदी और केजरीवाल का झूठा प्रचार और ढफमॉडल नहीं - शीला दीक्षित जी का वही सच्चा विकास मॉडल मांग रही है। गांधी बुधवार को सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित नहीं कर सके क्योंकि वह अस्वस्थ थे और उन्होंने रैली में पढ़े गए एक संदेश के माध्यम से लोगों से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। अपने खराब स्वास्थ्य के कारण गांधी मंगलवार को 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली के लिए कर्नाटक के बेलगावी भी नहीं जा सके और इससे पहले नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में उनका राजनीतिक कार्यक्रम भी नहीं हो सका।

## GNVS अंडर 10 क्रिकेट टीम ने बाजी मारी



मुंबई, (उत्तरशक्ति)। बुधवार को पालघर दहानू बोईसर में हो रहे अंडर 10 क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरु नानक विद्यालय जी टी बी नगर की युवा खिलाड़ियों की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, सात विकेट पर कुल 172 रन बनाए। सामने वाली टीम 112 रन पर ही सिमट गई, अंडर 10 के इस शानदार प्रदर्शन में उनकी मेहनत समर्पण और टीमवर्क का बेहतरीन परिणाम है गुरु नानक प्राइमरी स्कूल को अपने युवा क्रिकेटरों पर गर्व होता है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी यह टीम ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करती रहेगी, शानदार बल्लेबाजी करने वाले सबसे ज्यादा आलोक सिंह ने 52 गेंदों में 72 रन, प्रेम मिश्रा 18 गेंदों में 33 रन, सुजल अखावत 36 गेंदों में 32 रन बनाए एवं अपनी फिरकी तेज गेंदबाजी से अवनीश शर्मा तीन ओवर सात रन तीन विकेट, आलोक सिंह तीन ओवर 16 रन 2 विकेट सुजल अखावत और नील कांत नायक एक-एक विकेट लेकर अपनी टीम को जीत का जश्न मनाने में अहम भूमिका निभाई। अथर्व गोस्वामी ने अपनी शानदार गेंदबाजी से विपक्षी टीम को परेशान किया और एक ओवर में दो विकेट भी लिए उनकी इस गेंदबाजी से टीम को जीत की दिशा बढ़ाने में भारी मदद मिली मोहम्मद खान और प्रशांत यादव ने शानदार कैच लपके, मोहम्मद खान और प्रशांत यादव ने अपनी शानदार क्षेत्र रक्षण का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनकी यह कैच लेने की क्षमता ने सभी को प्रभावित किया, पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें अजीत देवेंद्र, विग्नेश, मार्श, आयुष यादव, अरहन, तन्मय, कार्तिक वाल्मीकि, साहिल, हूंमूबाद, और आर्यन गुप्ता ने सभी अपनी अपनी भूमिका निभाई और टीम को जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी खिलाड़ियों ने अपने स्कूल के आयोजकों और अपने कोच सुजीत सिन्हा को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंकने ठाणे और न्यू पनवेल में नए बैंकिंग आउटलेट के साथ मजबूत हुआ

ठाणे/पनवेल। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) इस लॉन्च के साथ अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और ठाणे और पनवेल के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक देश भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट और महाराष्ट्र राज्य में 82 तक पहुंच गया है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ठाणे वागले एस्टेट और न्यू पनवेल में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन हमारे समर्पण को दशार्ता है। महाराष्ट्र में अपने नेटवर्क को मजबूत करना। ठाणे अपने औद्योगिक विकास और गतिशील शहरी विकास के लिए जाना जाता है, जबकि न्यू पनवेल नवी मुंबई क्षेत्र के निकट एक हलचल भरे आवासीय और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में खड़ा है। ये क्षेत्र महाराष्ट्र की वृद्धि और प्रगति की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां अपनी उपस्थिति का विस्तार करके, हमारा लक्ष्य इन समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना और एक उज्जवल भविष्य के लिए उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करना है। बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है। उत्कर्ष एसएफबीएल का मकसद उन लोगों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है जिन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं नहीं पहुंच सकी हैं या कम पहुंची हैं।

## प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर रामचरितमानस पाठ एवं महाप्रसाद



ठाणे। कलवा (पूर्व) स्थित पौण्डपाढ़ा, भास्कर में सत्य सनातन धर्म के मार्गदर्शक,आराध्य प्रभु श्री राम के अयोध्या में प्रतिस्थापित हुए एक वर्ष पूर्ण हुए। जिसकी खुशहाली मनाते हुए एवं परंपरा का निर्वहन करते हुए भक्तों ने प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना दिवस बुधवार 22 जनवरी 2025 को श्रीगणेश मंदिर, पौण्डपाढ़ा में मनाया। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम जी की पालकी निकाली गई। जिसमें सैकड़ो भक्तों ने गाने बजाने के साथ नित्य करते हुए जयकारा लगाया। श्रीगणेश मंदिर प्रांगण में महाकवि तुलसीदास कृत रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के साथ सत्यनारायण महापूजा एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ो भक्तों ने दर्शन एवं महाप्रसाद का लाभ लिया। रत्नेश प्रजापति एवं उनकी टीम ने सुंदर प्रस्तुति से सारा वातावरण राममय कर दिया। उक्त आयोजन में राष्ट्रीय कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप के साथ सैकड़ों रामभक्तों को संस्थान द्वारा रामनामी पट्टी एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। उक्त आयोजन का मुख्य श्रेय अरविंद कलवार, पांडुरंग बेंद्रे, राकेश सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, पंकज पांडे, रामचंद्र दुबे एवं युवा कार्यकताओं में नागेश रेनुकूटला, देवांशु पांडे, सचिन यादव, मंगेश दिवाकर एवं रोहित तलवार सहित अन्य कार्यकताओं के अथक परिश्रम से रामकाज संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित सभी भक्तों का आभार अरविंद कलवार ने व्यक्त किया तथा स्थापना दिवस की परंपरा को अनवरत करते रहने की घोषणा करते हुए श्रीराम का जयकारा लगाया।

## प्रतिकात्मक कुम्भ का आयोजन



कल्याण। कल्याण पूर्व स्थित होली होराइजन स्कूल में दादा दादी नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. रमाकांत क्षितिज ने बताया कि इस आयोजन को इस बार कुम्भ की थीम दी गई. जिसमें स्कूल परिसर में ही कुम्भ की प्रतिकात्मक झांकी बनाई गई.इस झांकी में सभी वरिष्ठजनों ने पहले पंढरपुर के विठ्ठल भगवान का दर्शन किया। उसके बाद गंगा यमुना सरस्वती के संगम से लाये पवित्र जल से शरीर पर छिड़काव किया बाद में लेटे हनुमान के हूबहू तस्वीर का दर्शन किया. इसके पश्चात बड़े से हवन कुंड में सभी ने एक एक कर आहुति दी मंत्रोचर के बीच हवन किया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में दादा दादी नाना नानी सभी के लिये प्रतीकात्मक केक काटकर सामूहिक जन्मदिन भी मनाया गया. साथ ही साथ बुजुर्गो ने रेड कारपेट पर रैम्पवॉक भी किया. इस तरह सभी बुजुर्गो ने पंढरपुर से प्रयागराज कुम्भ तक की प्रतिकात्मक यात्रा पूरी की. इसके बाद सभी की आरती उतारकर उनका यथोचित सम्मान किया गया. डॉ. रमाकांत क्षितिज ने बताया कि इस तरह का यह कल्याण और अमेठी में कुल मिलाकर तीस से अधिक सम्मान समारोह का आयोजन हो चुका है. इस अवसर पर वरिष्ठ जन खूब प्रसन्न दिखाई दिये. इस आयोजन की आसपास के क्षेत्र में चर्चा के साथ प्रसंसा भी हो रही है.इस आयोजन में पालको शिक्षकों के साथ छात्र छात्राओं ने भी हिस्सा लिया.इस आयोजन को क्षितिज ने कान्हा जी की कृपा बताया. आयोजन में शामिल सभी के प्रति आभार व्यक्त किया.

## पीएनबी ने कौन बनेगा करोड़पति -ज्ञान का रजत महोत्सव के सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ की साझेदारी

मुंबई। देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने सबसे चर्चित और प्रतिष्ठित क्विज शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के ज्ञान का रजत महोत्सव के लिए 'आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर' के रूप में सोनी एंटरटेनमेंट टीवी के साथ साझेदारी का एलान किया है। यह रणनीतिक साझेदारी नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और पारदर्शी बैंकिंग समाधानों से सशक्त बनाकर वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के पीएनबी के प्रयासों को दशार्ती है। 'आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर' के रूप में, पीएनबी का उद्देश्य कौन बनेगा करोड़पति की व्यापक पहुंच, अपार लोकप्रियता और भावनात्मक जुड़ाव का लाभ उठाकर लाखों भारतीयों से जुड़ना और बैंकिंग उत्पादों , सेवाओं और पीएनबी वन ऐप जैसे डिजिटल समाधानों की अपनी व्यापक रेंज प्रदर्शित करना है। पीएनबी के कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के मुख्य महाप्रबन्धक संजय वार्ष्णेय ने इस साझेदारी के बारे में कहा कि हम कौन बनेगा करोड़पति- ज्ञान का रजत महोत्सव के आधिकारिक बैंकिंग पार्टनर बनकर गर्व महसूस कर रहे है, यह एक ऐसा शो है, जो लाखों भारतीयों को प्रेरित करता है उनके साथ जुड़ता हैं और ज्ञान की शक्ति का जश्न मनाता है। यह सहयोग पीएनबी के अभिनव और सुलभ बैंकिंग समाधानों के माध्यम से व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने के मिशन के अनुरूप है। यह दर्शकों के साथ मजबूत भावनात्मक संबंध बनाकर पसंदीदा बैंकिंग पार्टनर बनने के बैंक के दृष्टिकोण को भी मजबूत करता है। हम केबीसी के साथ इस रोमांचक यात्रा के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम पूरे देश में वित्तीय जागरूकता और समावेशन को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। पीएनबी ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाने एवं भारत के वित्तीय ईकोसिस्टम में महत्वपूर्ण योगदान देने के अपने प्रयासों में दृढ़ है।इस सहयोग के हिस्से के रूप में, पीएनबी शो के दौरान प्रमुखता से दिखाई देगा, जिसमें विशेष ऑन-एयर ब्रांडिंग, विशेष सेगमेंट और ग्राहक-केंद्रित पहल शामिल हैं। बैंक को व्यापक ब्रांडिंग अधिकार भी मिले हैं, जिसमें विजेताओं को पीएनबी ब्रांड का चेक प्रदान करेंगे और केबीसी प्ले अलॉन्ग पर इंटरैक्टिव एसेट शामिल हैं। खेल के अंत में अमिताभ बच्चन द्वारा ब्रांड उल्लेख के साथ-साथ पीएनबी वन ऐप के माध्यम से डिजिटल मनी ट्रांसफर के बारे में भी बताया जाएगा, जिससे प्रतियोगिता जीतनेवाले को अंतिम राशि मिलेगी। बैंक वित्तीय साक्षरता और समावेशन पर अपने संदेश को बढ़ाने के लिए डिजिटल अभियानों और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन की एक श्रृंखला भी शुरू करेगा।

